दैनिक
# खबरों की दुनिया

संस्करण
टोंक, जयपुर और
मुरैना (मध्य प्रदेश)

Phone : 9414885972, 9829017239 KKDJPR@GMAIL.COM www.khabronkiduniya.com

खबरों की दुनिया


**एसीबी के मुखिया बीएल सोनी ने पूर्व मुख्यमंत्री पर लगाए गंभीर आरोप**

## पेपर लीक मामले को पूरे 5 साल टालते रहे गहलोत



डॉ. एल. सी. भारतीय
प्रधान सम्पादक

यद्यपि पूर्व एसीबी के मुखिया रहे बीएल सोनी भी पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत के खास सिपहसालारों में रहे हैं। गहलोत ने सोनी की मान मर्यादा को ध्यान में रखते हुए उन्हें अच्छे से अच्छे पदों पर अपने कार्यकाल में बैठाया। राजस्थान पुलिस की एसीबी के मुखिया के तौर पर उन्होंने अच्छा कार्य किया। पेपर लीक मामले की जांच एसओजी को देने से पहले एसीबी के पास थी जिसके मुखिया स्वयं बीएल सोनी थे। सोनी ने भाजपा राज आने और पेपर लीक मामला एसओजी को देने तथा नए-नए मामले उजागर होने के बाद पेपर लीक मामले पर पूर्व मुख्यमंत्री पर गंभीर आरोप लगाए हैं। सोनी का मानना है कि पूर्व मुख्यमंत्री ने जान बूझकर पेपरलीक मामले की जांच सही ढंग से नहीं होने दी। वे इस मामले को लटकाए रखना चाहते थे।



### फोन पर ओएमआर सीट मिली फिर भी जांच को आगे नहीं बढ़ने दिया

पेपरलीक प्रकरण को लेकर पूर्व आईपीएस व एसीबी के मुखिया रहे बीएल सोनी ने पूर्व मुख्यमंत्री गहलोत पर निशाना साधते हुए कहा कि पांच साल में लगभग सभी परीक्षाओं के पेपर लीक हुए। चयन बोर्ड और आरपीएससी के सदस्य अफसर तक पकड़े गए। इतना ही नहीं 18 लाख रुपए की रिश्वत लेते हुए राज्यमंत्री का दर्जा प्राप्त एक व्यक्ति पकड़ा गया। फोन में ओएमआर शीट तक मिली लेकिन जांच को आगे नहीं बढ़ने दिया। गृहविभाग स्वयं मुख्यमंत्री के पास होने के बावजूद पेपरलीक प्रकरण पर एक भी मीटिंग नहीं की। जबकि वर्तमान सरकार के मुख्यमंत्री ने तत्काल मीटिंग बुलाकर तत्काल समीक्षा की तथा कठोर कार्रवाई के निर्देश जारी किए। पूर्व मुख्यमंत्री ने मामला सुलझने के बजाय उलझाए रखा।

### केंद्रीय मंत्री शेखावत को उलझाने में लगे रहे

पूर्व डीजीपी बीएल सोनी ने पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत पर खुला आरोप लगाते हुए कहा कि सारी सरकारी मशीनरी को केंद्रीय मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत व अपनी ही सरकार के एक मंत्री को उलझाने में लगा दी। वे येनकेन प्रकारेण शेखावत को चिटफंड कंपनी के आरोपों में फंसाना चाहते थे। पेपरलीक मामले को छोड़कर वे अपने विरोधियों के पीछे बुरी तरह लगे हुए थे। फिर भी गहलोत उनका कुछ नहीं बिगाड़ सके। पेपरलीक गैंग के माफिया गुलछर्रे उड़ाते रहे। कोचिंग सेंटरों के मालिक भी अपनी आमदनी बढ़ाते रहे। फिर भी गहलोत साहब सबकुछ जानते हुए उनके खिलाफ कार्रवाई की हिम्मत नहीं हुई। ऐसी स्थिति में एसीबी का मुखिया होने के बावजूद मैं कुछ नहीं कर पाया। आज के मुख्यमंत्री की कार्रवाई से मैं खुश हूं। राजस्थान को ऐसा मुख्यमंत्री चाहिए।

### आरपीएससी जैसी संवैधानिक संस्था में गैर जिम्मेदारों को बिठाया

पूर्व एसीबी निदेशक यही नहीं रूके। उन्होंने राजस्थान लोकसेवा आयोग एवं कर्मचारी चयन बोर्ड जैसी संवैधानिक संस्थाओं में कमजोर व्यक्तियों को बैठा दिया जिससे वे भी बहती गंगा में हाथ धोने में लग गए। अपने ही अधीन रहे पूर्व मुख्य सचिव निरंजन आर्य की पत्नी को लोकसेवा आयोग का सदस्य बना दिया। जिनको न ज्ञान था न ही अनुभव। इसी तरह हास्य कवि कुमार विश्वास की पत्नी मंजू शर्मा को भी लोकसेवा आयोग का सदस्य बनाकर अपने पाले में कर लिया। मंजू शर्मा के सदस्य बनने के बाद कुमार विश्वास को राहुल गांधी या कांग्रेस की कवि सम्मेलन में बुराई करते नहीं देखा गया। इसी प्रकार कटारा को बिना किसी विद्वता के सदस्य बना दिया जिसने पेपरलीक मामले में करोड़ों बेटोर लिए। बीएल सोनी ने आरपीएससी के चेयरमैन की क्षमता योग्यता पर भी शक किया है। जिसकी देखरेख में पूरा कांड हुआ। धन्य है पूर्व आईपीएस बीएल सोनी जो पहले आईपीएस है जिन्होंने सारी सच्चाई उगली है।

**'राजस्थान गौरव' सम्मान से 31 विभूतियां अलंकृत**

## गरिमापूर्ण व्यक्तित्व का सम्मान समाज का दायित्व : कलराज मिश्र

खबरों की दुनिया



**जयपुर।** 'संस्कृति युवा संस्था' की ओर से प्रदेश का सबसे प्रतिष्ठित और 30 वर्ष से अनवरत आयोजित हो रहे राजस्थान गौरव सम्मान समारोह अपनी पूर्ण भव्यता के साथ होटल आईटीसी राजपूताना शेरेटन में आयोजित हुआ। जिसमें प्रदेश की 31 लब्ध प्रतिष्ठित प्रतिभाओं को 'राजस्थान गौरव' के अलंकरण से विभूषित किया गया।

समारोह के मुख्य अतिथि राजस्थान के राज्यपाल कलराज मिश्र ने कहा कि प्रदेश की विभूतियों को सम्मानित करना अपने आप में एक अतुलनीय कार्य है और संस्कृति युवा संस्था पिछले 30 वर्षों से राजस्थान की विभिन्न प्रतिभाओं को गरिमापूर्ण तरीके से ''राजस्थान गौरव'' के अलंकरण से विभूषित कर रही है। ये अपने आप में एक अनूठा कार्य है। उन्होने कहा कि हमारी भारतीय संस्कृति को आगे बढ़ाने का दायित्व युवाओं पर है और जिन्हे सम्मानित किया गया है ये सब प्रतिभायें राजस्थान का नाम रौशन कर रही है।

इस अवसर पर संस्कृति युवा संस्था के अध्यक्ष पं. सुरेश मिश्रा ने कहा कि व्यक्तित्व का सम्मान समाज का दायित्व हैं और इस प्रकार के आयोजनों में ऐसी प्रतिभाओं जो प्रदेश में ही नहीं अपितु सम्पूर्ण भारत में राजस्थान का नाम रौशन कर रही हैं वे भी प्रोत्साहित होगी और उनके पद चिन्हों पर चलकर युवा पीढ़ी को




मार्गदर्शन मिलेगा। मिश्रा ने कहा कि राजस्थान की परम्परा में प्रतिभाओं को प्रोत्साहित करने वाली कर्मभूमि रही हैं और राजस्थान गौरव से सम्मानित हो रही प्रतिभाओं ने जो प्रदेश का नाम रौशन किया हैं उससे सम्पूर्ण प्रदेश गौरवान्वित है।

प्रधान संरक्षक एडवोकेट एच.सी. गणेशिया ने संस्कृति द्वारा किये जा रहे कार्यो की भूरी-भूरी प्रशंसा करते हुए कहा कि संस्कृति द्वारा देश के युवाओं को भारतीय संस्कृति की तरफ पुनः आकर्षित करने के लिए जो प्रयास किये जा रहे हैं वे सराहनीय हैं और युवाओं को पाश्चात्य संस्कृति का मोह छोड भारतीय संस्कृति का संवाहक बनना चाहिए।

संस्था की गतिविधियों की सम्पूर्ण जानकारी देते हुए कार्यक्रम संयोजक सौम्यता मिश्रा ने बताया कि संस्था देश की सबसे बडी मैराथन का आयोजन पिछले 15 वर्षो से अनवरत जारी है। जिसमें देश विदेश के धावक भाग लेते है। इस बार की मैराथन में एक लाख 25 हजार धावकों ने भाग लिया जो अपने आप में एक रिकॉर्ड है। इसके अतिरिक्त देश विदेश की प्रतिभाओं को लंदन की पार्लियामेंट, फ्रांस की सीनेट और अमेरिका के यूनाइटेड नेशन में संस्कृति युवा संस्था भारत गौरव सम्मान का आयोजन कर रही है। साथ ही नव संवत्सर का स्वागत, वर्ल्ड हैल्थ फेस्टिवल, नववर्ष की शुरुआत दारू नहीं दूध से करें जैसे अभियान पिछले 30 वर्षो से अनवरत जारी है।

संस्था के संरक्षक गोविन्द पारीक ने जानकारी देते हुए कहा कि राजस्थान गौरव सम्मान समारोह समिति ने 30 वर्षो के सभी चयनों में पारदर्शिता अपनाई है। इस अवसर पर राजस्थान गौरव से 31 प्रतिभाओं को सम्मानित किया गया हैं। इस अवसर पर भारतीय प्रशासनिक सेवा में माध्यमिक शिक्षा विभाग के निदेशक आशीष मोदी, एस.के. फाइनेंस के डायरेक्टर यश सेतिया, महावीर कैंसर चिकित्सालय की चेयरपर्सन अनिला कोठारी, भारतीय पुलिस सेवा के डीजी क्राईम राजीव कुमार शर्मा, घुड़सवार एवं स्वर्ण पदक विजेता दिव्या कृति सिंह राठौड़, वैल्यूअर फेब टैक्स प्रा.लि. के डायरेक्टर हर्ष पी चमारिया, राष्ट्रदूत से राजेश शर्मा, राज्य प्रशासनिक सेवा से योगेश कुमार श्रीवास्तव, योग के क्षेत्र से शत्रुघ्न सिंह, चीफ ज्यूडिशियल मजिस्ट्रेट गुंजन गोयल, समाज सेवा से राजेश जैन, चिकित्सा से डॉ. कृष्ण गोपाल कुमावत, सह आचार्य एवं विभागाध्यक्ष फार्माकोलॉजी डॉ. प्रियंका कुमावत, खाटू श्याम मंदिर के अध्यक्ष प्रताप सिंह चौहान, दैनिक नवज्योति के संपादक हर्ष चौधरी, रूंगटा हॉस्पिटल के मैनेजिंग डायरेक्टर डॉ. रासबिहारी रूंगटा, दैनिक भास्कर से आलोक खंडेलवाल, राजस्थान पत्रिका से हर्षित जैन, समाज सेवा से रतन कुमार रूंगटा, उद्योगपति एवं गौसेवक शंकर कुलेरिया, फस्ट इंडिया से श्वेता मिश्रा, जी राजस्थान न्यूज से काशीराम चौधरी, थेवा कला से पवन राजसोनी, मूर्तिकार राजकुमार पंडित, आर्ट से अंशुल जैन, डेल्टा ऑटो कॉर्प प्रा.लि. के फाउंडर एण्ड सीईओ अंकित अग्रवाल, समाज सेवा से नरेश कुमार कौशिक, अस्तित्व उड़ान की संस्थापिका अनीता मीना, चिकित्सा से डॉ. अनुभूति भारद्वाज, समाज सेवा से सेवा आचार्य भरत नागदा, बैंकिंग क्षेत्र से नरेन्द्र सिंह शेखावत को स्मृति चिन्ह, प्रशस्ति पत्र, दुपट्टा देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के प्रारम्भ में दीप प्रज्जवलन राज्यपाल कलराज मिश्र ने किया। संस्था के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष दिनेश शर्मा, प्रदेश महासचिव सुनील कुमार जैन, प्रदेश अध्यक्ष गौरव धामाणी ने अतिथियों का स्वागत किया। अंत में संरक्षक गोविन्द पारीक ने अतिथियों को धन्यवाद ज्ञापित किया।

## चुनाव आयोग ने 6 राज्यों के गृह सचिव हटाए

### पश्चिम बंगाल के डीजीपी को भी हटाया, विवेक सहाय को कमान

एजेंसी

**नई दिल्ली।** चुनाव आयोग ने लोकसभा चुनाव की घोषणा के दो दिन बाद सोमवार 18 मार्च को पश्चिम बंगाल के डीजीपी और 6 राज्यों के गृह सचिव को हटा दिया। 6 राज्यों के गृह सचिवों में गुजरात, उत्तर प्रदेश, बिहार, झारखंड, हिमाचल प्रदेश और उत्तराखंड के अफसरों का नाम शामिल है। विवेक सहाय को पश्चिम बंगाल का नया डीजीपी बनाया गया है।

आयोग ने बृहन्मुंबई नगर निगम कमिश्नर इकबाल सिंह चहल और मिजोरम के एक आईएएस अफसर को भी हटाने को कहा है। महाराष्ट्र सरकार ने एक दिन पहले चुनाव आयोग से बीएमसी कमिश्नर को तबादले से छूट देने की अपील की थी। हालांकि, चुनाव आयोग ने ये अपील खारिज कर दी।

मुख्य चुनाव आयुक्त राजीव कुमार की अध्यक्षता में चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार और सुखबीर सिंह संधू की सोमवार दोपहर में बैठक के बाद यह फैसला लिया गया। जिन अधिकारियों को हटाया गया है, उनके पास संबंधित राज्यों में मुख्यमंत्री कार्यालय में दोहरे प्रभार थे।

**ममता ने जिसके लिए 70 घंटे धरना दिया था, चुनाव से ठीक पहले पद से हटाया गया**

2016 विधानसभा चुनाव से ठीक पहले विपक्ष ने डीजीपी राजीव कुमार पर फोन टैपिंग का आरोप लगाया था। उस वक्त भी चुनाव आयोग ने पद से हटाया था। फरवरी 2019 में लोकसभा चुनाव से पहले सारदा चिट फंड घोटाले के आरोप में सीबीआई ने कुमार के घर बिना सर्च वारंट रेड डाली थी। जिस पर ममता ने 70 घंटे धरना दिया था। लोकसभा चुनाव 2024 से ठीक पहले एक बार फिर राजीव कुमार अपने पद से हटाए गए। इस बार शाहजहां शेख की हाई कोर्ट के दबाव के बाद देरी से हुई गिरफ्तारी और सीबीआई को उसे सौंपने में अड़ियल रवैया वजह बना है।




**बिहार : एनडीए में हुआ सीटों का बंटवारा**

## बीजेपी और जदयू 17-16 सीटों पर तो चिराग 5 सीटों पर लड़ेंगे चुनाव

एजेंसी

**नई दिल्ली।** लोकसभा चुनाव 2024 को लेकर बिहार एनडीए में सीटों का बंटवारा फाइनल हो गया है।

बिहार में बीजेपी 17, नीतीश कुमार की जेडीयू 16, चिराग पासवान की लोजपा (रामविलास) को 5, उपेंद्र कुशवाहा की रालोसपा और जीतन राम मांझी की हम को एक-एक सीट मिली है।

सीट शेयरिंग की सबसे चौंकाने वाली बात यह रही की चिराग पासवान के चाचा और केंद्रीय मंत्री पशुपति पारस को एक भी सीट नहीं मिली है। बीजेपी ने डैमेज कंट्रोल करने के लिए पारस को राज्यपाल बनाने का प्रस्ताव दिया है।

जेडीयू के राष्ट्रीय महासचिव संजय झा ने कहा कि बिहार में जहां विपक्षी गठबंधन में अभी तक स्थिति साफ नहीं है, वहीं, एनडीए गठबंधन में सबकुछ तय हो गया है और हमारा गठबंधन इस बार बिहार की सभी 40 लोकसभा सीटें जीतने जा रहा है।

वहीं, बिहार के उपमुख्यमंत्री एवं बिहार भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष सम्राट चौधरी ने कहा कि 2019 के पिछले चुनाव में बिहार में 3 दल एनडीए में शामिल थे और इस बार दो और दल हमारे साथ जुड़े हैं। एनडीए गठबंधन बिहार में सभी 40 लोकसभा सीटों पर जीत हासिल करने जा रहा है।

**किसे मिली कौन सी सीट**

**बीजेपी :** पश्चिमी चंपारण, पूर्वी चंपारण, औरंगाबाद, मधुबनी, अररिया, दरभंगा, मुजफ्फरपुर, महाराजगंज, सारण, उजियारपुर, बेगूसराय, नवादा, पटना साहिब, पाटलिपुत्र, आरा, बक्सर, सासाराम

**जदयू :** वाल्मिकीनगर, सीतामढ़ी, झंझारपुर, सुपौल, किशनगंज, कटिहार, पूर्णिया, मधेपुरा, शिवहर, भागलपुर, बांका, मुंगेर, जहानाबाद, सीवान, नालंद, गोपालगंज।

**लोजपा (रामविलास) :** हाजीपुर, वैशाली, समस्तीपुर, जमुई, खगड़िया।

**हम (एचएएम) :** गया

आरएलएम : काराकाट

खबरों की दुनिया

एक नजर

# सैक्टर अधिकारियों एवं पुलिस अधिकारियों की ब्रिफिंग आयोजित



खबरों की दुनिया

**सीकर।** सैक्टर अधिकारियों एवं पुलिस अधिकारियों की ब्रिफिंग का आयोजन जिला खेल स्टेडियम सीकर में सोमवार को किया गया। इस दौरान जिला कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट सीकर कमर चौधरी, पुलिस अधीक्षक सीकर भूवन भूषण यादव ,अतिरिक्त जिला मजिस्ट्रेट शहर सीकर हेमराज परिडवाल सहित सैक्टर अधिकारी एवं पुलिस अधिकारी उपस्थित रहें।

बैठक में जिला मजिस्ट्रेट सीकर कमर चौधरी ने आगामी लोकसभा आम चुनाव 2024 के मध्यनजर ब्रीफ तथा सैक्टर अधिकारियों के कर्तव्य के संबंध में निर्देश दिये तथा सैक्टर अधिकारियों एवं सैक्टर पुलिस अधिकारियों को व्लनरेबल क्षेत्रों,खंडो,गांवों,बस्तियों एवं ऐसी व्लनरेबलिटी का कारण बनने वाले व्यक्तियों आदि की पहचान, अपने अपने आवंटित क्षेत्रों में मजिस्ट्रेट के रूप मे कर्तव्य निष्ठापूर्वक करने तथा आमजन को मतदान के प्रति जागरूक करने के संबंध में निर्देश दिये। किसी भी विपरित परिस्थिति में आपसी समन्वय के साथ सहायक रिटर्निंग अधिकारी एवं पुलिस अधिकारियों के साथ कार्य करें। उन्होंने कहा कि सैक्टर अधिकारी 18 एवं 19 मार्च को अपने-अपने सेक्टर में भ्रमण कर रिपोर्ट करेंगे। पुलिस अधीक्षक भूवन भूषण यादव ने नियुक्त सैक्टर अधिकारियों एवं पुलिस अधिकारियों को आपसी तालमेल के साथ कार्य करने तथा जिला कार्यालय एवं कन्ट्रोल रूम से निरन्तर सम्पर्क में रहते हुए निष्पक्ष रूप से चुनाव कार्य करने के लिए निर्देश प्रदान किये।

# बाबा श्याम के फाल्गुन मेले में उमड़ रहे श्रद्धालु

खबरों की दुनिया

**खाटूश्यामजी।** हारे के सहारे बाबा श्याम का वार्षिक लक्खी मेला अपने शिखर पर पहुंच गया है।देश की चारों दिशाओं से श्याम भक्त बाबा श्याम के दर्शन करने केक्ष लिए खाटू नगरी में पहुंच रहे हैं।रींगस रोड़ पर श्याम भक्तों की कतार लगातार बनी हुई है।बाबा श्याम के लक्खी मेलें में बाबा श्याम की एक झलक पाने को भक्त आतूर नजर आ रहे।श्याम बाबा के मनमोहक दर्शन करके भक्तजन खुशहाली की कामना कर रहे हैं।बाबा श्याम के वार्षिक लक्खी मेलें में इस बार श्री श्याम मंदिर कमेटी द्वारा की गई व्यवस्थाओं के चलते हो रहे सुगमतापूर्वक दर्शन व्यवस्था से श्याम भक्तों को कम समय में दर्शन लाभ हो रहे हैं।बाबा श्याम फाल्गुन मेले अपनी डोर खींच रहा है तो भक्त उस डोर के साथ खींचे चले आ रहे हैं।बाबा श्याम के नगरी से जुड़ने वाले हर मार्ग पर बाबा श्याम के भक्तों के हुजूम उमड़ रहा है।बाबा श्याम के दीवाने बाबा के जयकारे लगाते हुए श्याम बाबा के अलौकिक श्रंगार के दर्शन कर



खुशहाली की कामना कर रहे हैं।हाथों में रंग बिरंगी निशान लेकर श्याम बाबा के जयकारे लगाते हुए श्याम भक्त अपने आराध्य के दर्शन करने के लिए खाटूश्यामजी पहुंच रहे हैं। वहीं रींगस रोड़ पर पग पग पर लगे भण्डारों में भक्तों की मनुहार हो रही है तो जगह-जगह बाबा श्याम का दरबार सजाकर भजन कीर्तन कर बाबा श्याम को रिझाया जा रहा है।

गृह राज्य मंत्री ने किए श्याम दर्शन-बाबा श्याम के लक्खी मेले के दौरान राजस्थान सरकार के गृह राज्य मंत्री जवाहर सिंह बेढम खाटूश्यामजी पहुंचे। राज्यमंत्री बेढ़म ने बाबा श्याम के दर्शन कर प्रदेश की खुशहाली की कामना की। इस अवसर पर श्री श्याम मंदिर कमेटी के अध्यक्ष प्रताप सिंह चौहान ने राज्यमंत्री का श्याम दुपट्टा ओढ़ाकर व बाबा श्याम का प्रतीक चिन्ह प्रदान कर स्वागत किया।इस दौरान मीडिया से रूबरू होते हुए गृहराज्य मंत्री ने कहा कि श्री श्याम मंदिर कमेटी द्वारा मेलें की शानदार व्यवस्था की है।इतने विशाल मेले की सुगम दर्शन व्यवस्थाओं के लिए मंदिर कमेटी साधूवाद की पात्र है।इसके साथ ही राज्य सरकार भी मंदिरों के विकास के लिए हमेशा तत्पर रहेगी। गृह राज्य मंत्री ने दर्शन के पश्चात दर्शन व्यवस्थाओं का निरीक्षण भी किया।

## श्रद्धालुओं की हो रही है मान मनवार

बाबा श्याम के वार्षिक लक्खी मेले में आ रहे श्रद्धालुओं की रींगस से लेकर खाटू धाम तक जगह-जगह अलग अलग प्रांतों से करीब सौ से भी ज्यादा भंडारे लगे हुए हैं जिनमें श्रद्धालुओं की मान मनवार की जा रही है कहीं पर लजीज भोजन मिल रहा है तो कहीं पर श्रद्धालु के ठहरने की व्यवस्था की जा रही है तो कहीं पर हारे थकें श्रद्धालुओं के मालिश करने की तो कहीं पर पेयजल व्यवस्था, चाय पानी की व्यवस्था की जा रही है।रींगस रोड पर संचालित श्री श्याम परिवार बठिंडा, बुढलाडा, सुमेरपुर सहित अनेक भंडारों में श्रद्धालुओं को मन इच्छा अनुसार अलग-अलग पकवान व नाश्ता मिल रहा है अलग-अलग जगह-जगह भंडारे लगे हुए हैं श्री श्याम चरण धर्मशाला में दूर दराज से पदयात्रा कर आ रहे श्रद्धालुओं की अत्याधुनिक मशीनों से श्रद्धालुओं की पल भर में ही थकान दूर कर रहे।





# अनूपगढ विधायक व रायसिंहनगर नगर विधायक का लक्षमनगढ़ में हुआ अभिनंदन

खबरों की दुनिया

**लक्षमनगढ।** अनूपगढ विधायक शिमला नायक व रायसिंहनगर विधायक सोहन नायक का अभिनंदन समारोह आयोजित हुआ। प्रदेश नायक महासभा परिषद संस्था के तत्वावधान में आयोजित समाज के नवनिर्वाचित विधायक एवं जनप्रतिनिधियों का सम्मान समारोह महावीर बगड़ी के अध्यक्षता में आयोजित हुआ । आयोजित समारोह में अनुपगढ विधायक शिमला नायक, रायसिंहनगर विधायक सोहन नायक एसी प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष रामेश्वर चांवरिया, कांग्रेस कमेटी के प्रदेश सचिव चंद्रकला नायक नोहर ,कमला हटवाल, कांग्रेस कमेटी सचिव हनुमानगढ़ बी.एल वर्मा, प्रदेशाध्यक्ष सुशील चारण, सीताराम नायक आरएलपी प्रदेश उपाध्यक्ष हीरालाल नायक चेयरमैन पिलानी डीएनटी प्रदेश अध्यक्ष रघुवीर नायक सुरतगढ़ मंचस्थ अतिथि थे। इस अवसर पर नायक समाज के विधायकों व प्रतिभाओं का सम्मानित किया । वक्ताओं ने अपने संबोधन में समाज की आर्थिक स्थिति राजनीति, शिक्षा, और नशा मुक्ति, मृत्यु भोज आदि विषयों पर अपने विचार व्यक्त किये।



## सहायक रिटर्निंग अधिकारी नियुक्त

**सीकर ।** जिला निर्वाचन अधिकारी एवं जिला कलेक्टर कमर उल जमान चौधरी ने आदेश जारी कर लोकसभा आम चुनाव 2024 के दौरान मतपत्र, डाक मतपत्र मुद्रण, परिवहन तथा भंडारण इत्यादि कार्य एसओपी के अनुसार करने के लिए उपखण्ड अधिकारी रीगंस को सहायक रिटर्निंग अधिकारी (मुद्रण) नियुक्त कर निर्देशित किया है कि प्रभारी अधिकारी डाक मतपत्र तथा प्रभारी अधिकारी मतपत्र से समन्वय रखते हुये लोकसभा आम चुनाव 2024 के दौरान मतपत्र मुद्रण के दौरान आवश्यक कार्यवाही यथासमय करवाया जाना सुनिश्चित करें।

# संस्थानों पर दवा की उपलब्धता के साथ रैकिंग में सुधार जरूरी

## मुख्यमंत्री निशुल्क निरोगी राजस्थान योजना का दिया प्रशिक्षण



**सीकर ।** चिकित्सा विभाग की ओर से सोमवार को मुख्यमंत्री निशुल्क निरोगी राजस्थान योजना की स्वास्थ्य भवन में मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ निर्मल सिंह की अध्यक्षता में समीक्षा बैठक आयोजित हुई। बैठक में सीएमएचओ डॉ निर्मल सिंह ने संस्थानों पर दवा की उपलब्धता सुनिश्चित करने के साथ योजना की रैकिंग में सुधार हो इसके लिए सभी चिकित्सा अधिकारियों को ई-औषधि पोर्टल पर इंटी सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। सीएमएचओ डॉ निर्मल सिंह ने आदर्श आचार संहिता की पालना सुनिश्चित करने जोर देते हुए चिकित्सा संस्थानों पर स्वीप गतिविधियों का आयोजन करने तथा राजनैतिक पार्टी विशेष की फोटो युक्त प्रचार प्रसार सामग्री का हटवाने के निर्देश दिए। उन्होंने चिकित्सा अधिकारियों को सब सेंटर स्तर तक के चिकित्सा संस्थानों का निरीक्षण करने के निर्देश दिए। डिप्टी सीएमएचओ डॉ अशोक महरिया व जिला औषधि भण्डार के प्रभारी डॉ सीपी ओला ने दवा पर्चियों का पोर्टल पर समय पर इन्द्राज सुनिश्चित करने के साथ साथ एनए हिट नहीं हो इसका पूरा ध्यान रखने के निर्देश दिए। साथ दवा एनओसी के माध्यम में जानकारी दी। बैठक में अपराजीता व अन्य कार्मिकों ने पीपीटी के माध्यम से योजना की जानकारी दी।

# रविशंकर पुजारी को किया सम्मानित

खबरों की दुनिया

**सालासर।** श्री बालाजी गोशाला संस्थान के अध्यक्ष रविशंकर पुजारी को गौसेवा पशुपक्षी एवं मवेशी संरक्षण में अत्याधुनिक पहल के साथ एक सराहनीय मिशाल कायम करने के लिए सम्मानित किया गया। वर्थी वेलनेस फाउंडेशन द्वारा विश्व रत्न सम्मान 2024 से सम्मानित किया है। जिस पर पुजारी ने इसका श्रेय समस्त गौ भक्तो , भामाशाहों, पुजारी परिवार व ग्रामवासियों को देते हुए कहा कि दुनिया में सब कुछ पॉसिबल है बस लक्ष्य मजबूत होने के साथ बड़ो का आशीर्वाद होना आवश्यक है। इस दौरान कमल पुजारी, महाराज सुलकन दास, बेगाराम,शिशुकुमार, भागीरथ, आदि उपस्थित थे और शुभकामनाएं दी।




# पदों की मैपिंग करवाकर शिक्षकों को वेतन दिलवाने की मांग

## सचिव एवं आयुक्त संस्कृत शिक्षा को शिक्षक संगठन ने भेजा पत्र

**सीकर।** संस्कृत शिक्षा विभाग में पदों की मैपिंग समय से नहीं होने से प्रदेशभर के अनेक शिक्षकों को पिछले दो माह से वेतन नहीं मिल पा रहा है। जिसके चलते मैपिंग कार्य से संबंधित जिम्मेदार अधिकारियों एवं कर्मचारियों के प्रति शिक्षक समुदाय में गहरा आक्रोश व्याप्त है।

राजस्थान संस्कृत शिक्षा विभागीय शिक्षक संघ ने संस्कृत शिक्षा सचिव एवं आयुक्त संस्कृत शिक्षा विभाग को पत्र प्रेषित कर शिक्षकों के पद मैपिंग करवाकर वेतन दिलवाने की मांग की है। जिससे शिक्षकों की होली फीकी न रहे और सभी अपने परिवार के साथ हर्षोल्लास से रंगोत्सव मना सके।

संघ के प्रदेश अध्यक्ष अशोक तिवाड़ी मऊ एवं प्रदेशमहामंत्री दयालसिंह काजला ने बताया कि वेतन समय पर नहीं मिलने से एक तरफ शिक्षक समुदाय आर्थिक तंगी झेल रहा है वहीं दूसरी ओर बहुत से शिक्षकों के होम,वाहन एवं पर्सनल लोन सहित विभिन्न ऋणों की मासिक क़िस्त समय पर जमा नहीं होने से उन्हें भारी पेनल्टी भरनी पड़ रही है। शिक्षकों के वेतन से बकाया टैक्स की भी कटौति भी होनी है। ऐसी स्थिति में शिक्षक समुदाय मानसिक वेदना से गुजर रहा है। सचिव एवं आयुक्त को लिखे पत्र कहा गया है कि 'विभाग में करे कोई भरे कोई' की स्थिति बनी हुई है।संगठन ने मैपिंग नहीं होने के पीछे रहे कारणों की जांच करवाकर समुचित कार्रवाई की मांग करते हुए अविलंब पदों की मैपिंग करवा कर प्रदेश भर के शिक्षकों को राहत प्रदान करने का निवेदन किया है।

## ऋषि परंपरा के धर्म सम्राट वैदिक शिरोमणि की पुण्य स्मृति पर होंगा भव्य आयोजन

**सीकर।** श्री गोपाल गौशाला गोकुलपुरा बीकानेर बायपास सीकर में धर्म सम्राट वैदिक शिरोमणि स्मृति शेष पंडित गोविंद मार्तंड,शास्त्री घोड़ेकर गुरु जी की पुण्य स्मृति पर गोपूजन यजुर्वेद भगवान का पूजन गोपालक दंपति सम्मान वह तृप्ति पर्यंत 151 वां,गो पुष्टि कर्म 20 मार्च 2023 बुधवार प्रातकाल 9:00 बजे होगा। इस कार्यक्रम में गौ माता का पूजन यजुर्वेद भगवान का पूजन गौशाला के दंपतियों का सम्मान तथा,गो तृप्ति पर्यंत गो,पुष्टि कर्म किया जाएगा। गोपाल गौशाला गोकुलपुरा के महावीर जी खीचड़ ने बताया यह कार्यक्रम पंडित मनोज पारीक वैदिक अपने गुरु जी की पुण्य स्मृति पर अनेक गौशाला में कर चुके हैं। उन्होंने कहा हमारी। गोपाल गौशाला में 250 गोवंश इसमें 60 नंदी महाराज निवास करते हैं गो सेविका ज्योति तनवानी ने बताया की कार्यक्रम में अनेक वैदिक विद्वान विप्र, बंधु समस्त पारीक सोशल ग्रुप वह महिला इकाई उपाध्याय परिवार मातृशक्ति गोपीनाथ गौ सेवा समिति गोपीनाथ टोली बजरंग दल के स्वयंसेवक गोपाल मंडली गो रक्षादल गो सेवक एवं अनेक स्वयंसेवक गौ माता की तृप्ति पर्यंत परोसगरी करके श्रमदान करेंगे।

## भाजपा जिलाध्यक्ष डॉ. सिखवाल ने विधानसभाओं के संगठन प्रभारियों की नियुक्ति

खबरों की दुनिया

सीकर । भाजपा में विधानसभाओं के संगठन प्रभारियों की नियुक्ति सोमवार को की गई है। प्रदेशाध्यक्ष सीपी जोशी की सहमति से जिलाध्यक्ष डॉ. कमल सिखवाल ने यह नियुक्तियां की है।

जिलाध्यक्ष डॉ. कमल सिखवाल ने जिला महामंत्री भंवरलाल वर्मा को प्रभारी मुख्यालय के पद पर नियुक्त किया है। जिला महामंत्री डॉ. बलवंत सिंह चिराणा को श्रीमाधोपुर विधानसभा, जिला महामंत्री संजय सैनी को धोद, वरिष्ठ जिला उपाध्यक्ष गोविंद सैनी को नीमकाथाना, जिला उपाध्यक्ष सुरेश शर्मा को खंडेला, जिला उपाध्यक्ष बाबुसिंह बाजौर को लक्ष्मणगढ़, जिला उपाध्यक्ष भागीरथ गोदारा को सीकर, जिला उपाध्यक्ष पूर्णमल गुर्जर को दांतारामगढ़ व जिला मंत्री ओमप्रकाश बिजारणियां को फतेहपुर विधानसभा का संगठन प्रभारी नियुक्त किया गया है।

अभिनंदन समारोह...

# विधायक भागचंद टाकडा लक्षमनगढ आगमन पर करेंगे निर्माणाधीन छात्रावास का अवलोकन



## विधायक टाकड़ा का नागरिक अभिनंदन 20 को शाम 3.30 बजे श्याम शरण मैरिज गार्डन में

खबरों की दुनिया

**लक्ष्मणगढ़ ।** महात्मा ज्योतिबा फुले छात्रावास निर्माण समिति की ओर से 20 मार्च को शाम 3.30 बजे रेलवे स्टेशन रोड पर श्रद्धानाथ आश्रम के पास स्थित श्याम शरणम् मैरिज गार्डन में बांदीकुई विधायक भागचंद टाकडा का नागरिक अभिनंदन समारोह आयोजित किया जाएगा। यह जानकारी देते हुए समिति के अध्यक्ष रामावतार सिंगोदिया व संयोजक सज्जन कुमार बबेरवाल ने बताया कि बांदीकुई विधायक भागचंद टाकडा इस दौरान राष्ट्रीय राजमार्ग पर सेठों की कोठी के सामने से बैरास रास्ते पर निर्माणाधीन महात्मा ज्योतिबा फुले छात्रावास का भी अवलोकन करेंगे। समिति के महामंत्री महेंद्र चुनवाल व फाइनेंस कंसल्टेंट झाबरमल सिंगोदिया ने बताया कि समाजसेवी रामगोपाल राकसिया, अनिल बागड़ी ,महेश बागड़ी के आतिथ्य में विधायक भागचंद टाकडा का समारोह पूर्वक नागरिक अभिनंदन आयोजित होगा। समिति के प्रवक्ता मनोज राकसिया ने बताया कि आयोजन के लिए अलग-अलग जिम्मेदारी तय की गई है। समिति के महेश कम्मा बिडोदी, सुरेश गनेडी, विनोद सांखला सेठों की कोठी, नथमल चुनवाल मावलियों की ढाणी मनोज गौड़ धाभाईयो की ढाणी, नरेश गौड़ सिंगोदडा, दीनदयाल चुनवाल नेछ्वा, अमित सनवाली,रामस्वरूप बबेरवाल, जगदीश भभैवा,राकेश गौड़, विकास टांक, विकास गौड़ , एडवोकेट सत्यनारायण चुनवाल, जगदीश भभैवा, सुशील चुनवाल,मनीष भाटी, राकेश टांक मनीष मावलियों की ढाणी ने बताया कि आयोजन को सफल बनाने के लिए रविवार को तोदी कालेज रोड स्थित गणपति एक्स-रे लेब पर समिति की मीटिंग आयोजित हुई। मीटिंग में रामावतार सिंगोदिया, सज्जन बबेरवाल, महेंद्र चुनवाल, झाबरमल सिंगोदिया, मनोज राकसिया भूमि प्रदाता विनोद गौड़, दीपक कटारिया, सीए राकेश कटारिया, महावीर जाजम , बजरंग सिंगोदिया (सिंगोदिया ट्रेडिंग कंपनी),समिति सहित पदाधिकारी सदस्य मौजूद थे। समिति के सदस्यों ने बताया कि सम्मान समारोह में बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधि, प्रबुद्धजन शामिल होंगे।

## संजीवनी साहित्यिक व सामाजिक संस्था स्वच्छ बनाने मे सहयोग करेगी

खबरों की दुनिया

**नवलगढ़।** जांगिड अस्पताल परिसर में स्ंजीवनी साहित्यिक व सामाजिक संस्था की स्वच्छता कमेटी की मिटिंग आयोजित की गई जिसमें संस्था द्वारा ''स्वच्छ नवलगढ'' में सहयोग दिया जायेगा। स्ंजीवनी के अध्यक्ष डॉ दयाशंकर जांगिड ने बताया कि अच्छाई के लिए स्वच्छता ही सब कुछ है लोगो को अपनी स्वस्थ जीवन शैली और स्वस्थ जीवन के लिए खुद को स्वच्छ व उज्जवल रहना चाहिये। अच्छे स्वास्थ्य का राज है स्वास्थ्य ही अच्छे जीवन का सार है स्वस्थ तन मे ही स्वस्थ मन होता है। मिटिंग में डॉ दयाशंकर जागिड उपाध्यक्ष मेजर डीपी शर्मा कोषाध्यक्ष मुरली मनोहर चोबदार स्वच्छता समिति के अध्यक्ष डॉ संजय कुमार सैनी उपाध्यक्ष रामावतार सबलानिया सदस्य मुकेश सैनी अर्जुनसिंह सांखणिया व दशरथ सिंह सैनी थे।

खबरों की दुनिया एक नजर

# ट्राई साइकिल रैली द्वारा दिव्यांगों ने दिया मतदाता जागरूकता का संदेश



खबरों की दुनिया

**देवली।** मानव धर्म बहुदिव्यांग विद्यालय पनवाड़ रोड़ देवली में लोकसभा आम चुनाव 2024 स्वीप योजना अन्तर्गत ट्राई साईकिल रैली का आयोजन कर दिव्यांग छात्र-छात्राओं ने मतदान हमारा अधिकार है का संदेश दिया व मतदान के प्रति जागरूकता के लिए लोकतंत्र की सुनो पुकार, मत खोना अपना मत अधिुंकार, पहले वोट डालेंगे फिर चुल्हा जलायेंगे आदि नारे लगाकर अधिक से अधिक मतदान करने का संदेश दिया। प्राचार्य महेश कुमार शर्मा ने बताया कि ट्राई साईकिल रैली निकालने का उद्देश्य अधिक से अधिक दिव्यांग लोगों को मतदान के प्रति जागरूक करना है। रैली के दौरान शिक्षक प्रशिक्षणार्थी व छात्रावास अधिक्षक दिनेश कुमार बलाई, राजकीय अम्बेड़कर छात्रावास सामाजिक न्याय अधिकारिता विभाग देवली व कार्यालय अधीक्षक गजेन्द्र सिंह मीणा, लेखपाल सत्यनारायण सेन, सुरेश अग्रवाल, प्राचार्य महेश कुमार शर्मा, कोर्स कॉर्डिनेटर जगत बहादुर यादव, अभिजीत यादव, अंशु शर्मा, कृष्णा देवी, विशेष शिक्षक बिरधीचन्द्र प्रजापत, विवेक टांक, मनोज गुर्जर, शिवराज गुर्जर, विशेष शिक्षिका कोमल शर्मा, उपासना गुर्जर, किरण वैष्णव, उर्मिला गौत्तम, नरेश कुमार मीणा, प्रमोद कुमार वर्मा, कृष्ण गोपाल सैनी, त्रिलोक कुमार बंशीवाल, राहुल कुमार शर्मा एवं संस्था के सभी कार्मिक उपस्थित रहे।

## अवैध पिस्टल व एक जिंदा कारतूस के साथ एक गिरफ्तार

**निवाई।** स्थानीय पुलिस ने अवैध हथियार के साथ एक जने को गिरफ्तार किया है। थानाधिकारी हरिराम वर्मा ने बताया कि शहर श्यामाप्रसाद मुखर्जी नगर तिराहा से एक अवैध पिस्टल व एक जिंदा कारतूस के साथ हरिशंकर पुत्र देवाराम गुर्जर निवासी बडली थाना चाकसू को गिरफ्तार किया है।



# दो बाइक सवार पांच जनों को ट्रैक्टर ने मारी टक्कर, एक जने की कुचलने से मौत, चार गंभीर घायल

खबरों की दुनिया

**देवली।** तेज रफ्तार व लापरवाही पूर्वक वाहन चलाना कितना खतरनाक होता है, इसका अंदाजा उस समय लगता है जब दुर्घटना घटित हो जाए। रविवार देर शाम को भी हनुमान नगर थाना क्षेत्र के अजमेर कोटा स्टेट हाईवे पर बाहरला पोलिया के समीप एक ट्रैक्टर चालक ने तेज रफ्तार, गफलत व लापरवाही पूर्वक ट्रैक्टर चलाते हुए सामने से आ रहे दो बाइक सवारों को अपनी चपेट में ले लिया जिससे बाइक सवार एक जने की कुचलने से दर्दनाक मौत हो गई, वहीं एक बच्चे सहित चार बाइक सवार गंभीर रूप से घायल हो गए। दुर्घटना की सूचना पर हनुमान नगर पुलिस तथा एंबुलेंस मौके पर पहुंचकर घायलों को देवली चिकित्सालय में उपचार के लिए भर्ती करवाया, जहाँ से उन्हें अन्यत्र रेफर कर दिया गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार पारोली थाना क्षेत्र निवासी कालबेलिया परिवार के लोग बाइक पर सवार होकर हिंडोली से शाहपुरा जिले के आमली बंगला की ओर काम के लिए जा रहे थे। यह सभी लोग लकड़ी से कोयला बनाने का काम करते हैं। इस दौरान बाहरला पोलिया के समीप सामने से आए एक ट्रैक्टर ने बाइक सवार लोगों को टक्कर मार दी। उक्त हादसे में सूरज पुत्र गोपाल कालबेलिया उम्र 20 वर्ष निवासी पारोली की मौके पर दर्दनाक मौत हो गई, जबकि सीमा पत्नी शम्भू कालबेलिया, 6 माह की कविता पुत्री शंभू, शंभू पुत्र बालूनाथ निवासी पारोली तथा भारत पुत्र कालू कालबेलिया निवासी नंदवाना घायल हो गए।



### लोग बनाते रहे वीडियो

घटना स्थल पर पहुंचे एएसआई कैलाश नाथ ने बताया कि सूचना मिलने पर जब हम घटना स्थल पर पहुंचे, जब लोग घायलों की मदद करने की बजाय घटना का वीडियो बनाने में जुटे हुए थे, जो कि मानवीय दृष्टिकोण से गलत था। पुलिस ने मृतक का सोमवार सुबह पोस्टमार्टम करवाकर शव परिजनों के सुपुर्द कर दिया तथा लक्ष्मण कालबेलिया की रिपोर्ट पर मुकदमा दर्ज कर फरार ट्रैक्टर चालक की तलाश शुरू कर दी है।

### घटना की कहानी घायल की जुबानी

घायल कविता कालबेलिया ने बताया कि 2 से 3 ट्रैक्टर तेज रफ्तार में सामने की ओर से आए तथा उनकी बाइक को टक्कर मार दी। वहीं पहले ट्रैक्टर द्वारा टक्कर मारने के बाद दूसरा ट्रैक्टर भी उन्हें कुचलता हुआ चला गया। घायल सीमा व अन्य लोगों का कहना था कि दुर्घटना कारित करने वाले ट्रैक्टर बजरी से भरे हुए थे। जबकि थाने के एएसआई कैलाश नाथ ने बताया कि मृतक सूरज पुत्र गोपाल के चाचा लक्ष्मण कालबेलिया ने एक ट्रैक्टर के नंबर देते हुए उसके चालक पर लापरवाही एवं गफलतपूर्वक ट्रैक्टर चलाते हुए टक्कर मारने के आरोप की रिपोर्ट दी है, जिसमें बजरी का हवाला नहीं दिया है।

## 26 वर्ष बाद भी नहीं लगी पहाडी के सपूत शहीद की मूर्ति



खबरों की दुनिया

**निवाई।** गांव पहाड़ी के शहीद की 26 वर्ष गुजर जाने के बाद भी प्रतिमा नहीं लगने से लोगों में सरकार के प्रति रोष व्याप्त हो रहा है। ग्रामीण शिवजीलाल जाट ने बताया कि वर्ष 1997 में गांव पहाड़ी निवासी रतनलाल जाट जम्मू कश्मीर के डोडा जिले में आतंकवादियों से लोहा लेते हुए शहीद हो गए थे। शहीद रतनलाल का अंतिम संस्कार भी जम्मू कश्मीर के उधमपुर में किया गया था। करीब 26 वर्ष गुजर जाने के बाद भी शहीद की प्रतिमा लगाने का उसके परिवारजन एवं ग्रामीण इंतजार कर रहे हैं। उन्होंने बताया कि तत्कालीन विधायक हीरालाल रैगर ने शहीद रतनलाल जाट के नाम से राजकीय माध्यमिक विद्यालय का नामकरण करवाया था। गत वर्ष स्कूल के पास ही विधायक कोटे से शहीद की मूर्ति लगाने के लिए करीब 2 लाख की लागत से चबूतरा बनवाया गया था जिसमें भी अब दरारें आ गई हैं। जनवरी 2024 में सैनिक कल्याण सलाहकार समिति के अध्यक्ष प्रेमसिंह बाजौर को भी अवगत करवाया था। लेकिन अभी तक भी कोई कार्यवाही नहीं हुई है। सोमवार को समाजसेवी ग्रामीण शिवजीलाल जाट के नेतृत्व में ग्रामीण रामकिशन, बद्रीप्रसाद विजय, जितेंद्र मीणा व गिर्राज सहित अन्य ग्रामीणों ने उप जिला कलेक्टर को ज्ञापन सौंपकर शहीद की मूर्ति लगवाने की मांग की है।

## महिला मंडल ने मनाया फागोत्सव, उड़ाया रंग ओर गुलाल



खबरों की दुनिया

**देवली।** महिला मंडल एजेंसी एरिया द्वारा जयपुर हाऊस शिव मंदिर पर फागोत्सव का आयोजन किया गया। जिसमें श्री कृष्ण राधा रानी को सजीव चित्रण किया। महिला मंडल द्वारा दोपहर से होली के भजनों की प्रस्तुति देकर पुष्प होली खेली। तत्पश्चात महिलाओं ने एक दुसरे के रंग लगाकर मस्ती में झूमते हुए भजनों पर जमकर नृत्य किया। इस दौरान महिलाओं ने लड्डू गोपाल को लहरिया की ड्रेस पहनाकर साथ लेकर आई तथा काना को रिझाने के लिए ठुमके लगाए।

## सैन्ट सोल्जर महिला टी.टी कॉलेज में मोरचंग का हुआ भव्य आगाज

खबरों की दुनिया

**टोंक।** सोमवार 18 मार्च को सैन्ट सोल्जर महिला टी.टी. कॉलेज में सांस्कृतिक साहित्यिक सप्ताह - मोरचंग का भव्य आगाज निदेशक बाबूलाल शर्मा व प्रबंध निदेशक हितेश शर्मा ने दीप प्रज्वलन कर के किया। इस अवसर पर निदेशक बाबूलाल शर्मा ने छात्राओं से सभी प्रतियोगिताओं में बढ़ चढ़ कर हिस्सा लेने व अपनी प्रतिभा को मुखरित करने हेतु प्रेरित किया। वहीं प्रबन्ध निदेशक हितेश शर्मा ने खेलो में हिस्सा लेने व खेल भावना से खेलने के लिए प्रेरित किया । प्राचार्य सरोज चापावंत ने बताया कि सोमवार को कबड्डी, 400 मी. दौड, तीन टांग दौड, चम्मच दौड़, बोरा दौड़ आदि प्रतियोगिताएँ हुई। कब्बडी प्रतियोगिता में बीए.बीएड की छात्राऐं प्रथम स्थान पर रही और बीएड की छात्राऐं द्वितीय स्थान पर रही। 100 मीटर दौड़ में पार्वती सैनी प्रथम स्थान, आरती जाट द्वितीय स्थान , आंकशा मीणा तृतीय स्थान पर रही। इसी प्रकार तीन टांग दौड़ में आयशा व कविता प्रथम स्थान , नैना व अनुकृति द्वितीय स्थान, गोलु कुमारी मीणा व रूकमणी मीणा तृतीय स्थान पर रही। चम्मच दौड़ में प्रथम स्थान गुंजन नागर, द्वितीय स्थान दिव्यांजली गौतम और तृतीय स्थान प्रिंयका चौपड़ा ने प्राप्त किया। बौरा दौड़ में सोना जाट ने प्रथम स्थान, मनीषा प्रजापत ने द्वितीय स्थान और आंकशा मीणा तृतीय स्थान पर रही।

इस अवसर पर कमलेश कुमार मीणा, मनोज दीक्षित, भागचंद वैष्णव, गिर्राज प्रजापत, नरेन्द्र जैन, गुजंन गौत्तम, सम्पत सैनी, समीउन्नीसा, शक्ति साहू, ललिता महावर, मीना प्रजापत, पूरण कुमार, मेहविश अमरीन, शैतान सिह नरूका, संजय बैरवा, सपना अग्रवाल ने पूर्ण सहयोग कर सफल बनाया। प्राचार्य डॉ. सरोज चापावंत ने विजेता को बधाई देते हुए सोमवार के कार्यकम का समापन किया।

# लोकसभा आम चुनाव में मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिए आयोजित होंगी स्वीप गतिविधियां

खबरों की दुनिया

**टोंक।** लोकसभा आम चुनाव-2024 के दौरान मतदान का प्रतिशत बढाने के उद्देश्य को लेकर सोमवार को 21 विभागीय कन्वर्जेंस कमेटी की बैठक सीईओ एवं नोडल अधिकारी स्वीप प्रतिष्ठा पिलानिया की अध्यक्षता में आयोजित हुई। बैठक में जिला परिषद के सीईओ ने कहा कि जिले में मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिए सभी वर्गों को जागरूक करने के प्रयास किए जाए।

उन्होंने कहा कि जिले में ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्र में मतदाता जागरूकता के लिए विभिन्न गतिविधियां आयोजित की जाए। हमारा प्रयास रहना चाहिए कि मतदाता सूची में पंजीकृत मतदाता मतदान दिवस के दिन शत प्रतिशत घरों से निकलें और मतदान करें। इसके लिए हमें भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार स्वीप गतिविधियां संचालित करनी होंगी। जिन 21 विभागों को जो जिम्मेदारी दी गई है, उसकी पूरी पालना सुनिश्चित की जाए।



महिला बाल विकास, शिक्षा तथा स्वास्थ्य एवं राजीविका विभाग के कार्मिक को अपने उत्तरदायित्वों का पालन करना है। संकल्प पत्र भरवाने के कार्य की प्रगति की जानकारी ली गई। उन्होंने कहा कि स्वीप गतिविधियों में रैलियां, विभिन्न प्रतियोगिताएं एवं डिजीटल माध्यमों से मतदान जागरूकता का वातावरण तैयार करना है, जिससे अधिकतम घरों से मतदाता निकलकर मतदान करें। आमजन एवं मतदाताओं को ई-केवाईसी, सक्षम, सी-विजिल, वीएचए सहित आयोग के विभिन्न एप्स और टोल फ्री नंबर 1950 की जानकारी दी जाए। उन्होंने 21 विभागीय कन्वर्जेंस कमेटी में शामिल सभी विभागीय अधिकारियों को अधिकाधिक स्वीप गतिविधियां आयोजित करने और मतदाताओं को जागरूक करने के लिए निर्वाचन आयोग के निर्देशों की पालना सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

### स्वीप गतिविधियों के तहत ट्राईसाइकिल रैली का आयोजन

लोकसभा चुनाव-2024 के तहत जिला निर्वाचन अधिकारी (कलेक्टर) डॉ. सौम्या झा के निर्देश एवं सीईओ नोडल अधिकारी स्वीप प्रतिष्ठा पिलानिया की अध्यक्षता में आयोजित स्वीप गतिविधियां जिले के मतदाताओं को अधिकाधिक मतदान के प्रति जागरूक कर रही हैं। स्वीप गतिविधियों के तहत सोमवार को जिला मुख्यालय समेत समस्त उपखंडों पर सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग द्वारा ट्राईसाइकिल रैली के माध्यम से स्वीप की गतिविधियां आयोजित की जाकर 26 अप्रैल को होने वाले मतदान दिवस पर अधिकाधिक मतदान करने का संदेश दिया गया। साथ ही, जिले में विभिन्न प्रकार की स्वीप गतिविधियां आयोजित कर मतदाता जागरूकता शपथ जैसे कार्यक्रम आयोजित किए गए।

# कृषि मण्डी में सरसों की बम्पर आवक

## एक लाख कट्टे बिकने के लिए आए

### मंडी परिसर में लगा रहा जाम, मंडी प्रशासन नहीं किया इंतजाम

खबरों की दुनिया

**निवाई।** सोमवार को कृषि मण्डी में सरसों की बम्पर आवक हुई जिससे मण्डी में मेले जैसा माहौल नजर आया। सोमवार को मण्डी में बिकने के लिए सरसों के करीब एक लाख कट्टे बिकने के लिए आए। सुबह से मण्डी के बाहर प्रवेश के लिए वाहनों की दोनों ओर लम्बी कतारें लग गई। मण्डी का गेट सुबह 7 बजे खुलने के साथ ही सरसों के कट्टे से भरे हुए ट्रैक्टर-ट्रोलिया, जुगाड, जीपे, पिकअप ट्रक सहित कई वाहन अन्दर प्रवेश करने लगे। इस दौराने मंडी परिसर में बार-बार जाम लगने से किसानों सहित व्यापारियों को परेशानी का सामना करना पडा। किसानों ने बताया कि मंडी परिसर में वाहनों को व्यवस्थित करने की कोई व्यवस्था नहीं होने से वाहन चालक बेतरतीब ढंग से खडा कर देते हैं जिससे पैदल निकलना भी मुश्किल हो रहा है। सरसों के साथ-साथ अन्य जिन्स बिकने के लिए आई। कृषि उपज मंडी में टोक जिले के साथ ही सवाईमोधापुर, जयपुर, अजमेर, गंगापुर, करौली व दौसा सहित अन्य जिलों से सरसों की लगातार आवक बनी हुई है जिससे वाहनों की रेलमपेल के चलते मंडी के बाहर मुख्य सडक मार्ग के दोनों ओर जाम की स्थिति बनी रहती है जिससे अन्य वाहन चालकों को भारी परेशानी उठानी पड रही है। यातायात को प्रशासन द्वारा व्यवस्थित नही करने से भारी परेशानी उठानी पड रही है। व्यापारी ताराचन्द बोहरा ने बताया कि शनिवार को सरसों के करीब एक लाख कट्टों की आवक हुई है। उन्होंने बताया कि सोमवार 4800 से 5000 रूपये सरसों के भाव रहे है। जिन्सों की आवक लगातार जारी रहने से मण्डी में रौनक बनी हुई है और दिनभर जिन्सों से भरे वाहनों की आवाजाही के चलते मण्डी परिसर में मेले जैसा माहौल हो रहा है। उन्होंने बताया कि व्यापारियों ने दोपहर 12 बजे बाद बोली लगाई। इन दिनों में मण्डी में टोंक जिले की मालपुरा, उनियारा, टोडारायसिंह के कई गांवों से सरसों बेचने के लिए किसान मण्डी में पहुंच रहे है।



## विधिक जागरूकता सचल विधिक सेवा केन्द्र कम लोक अदालत मोबाईल वाहन को दिखाई हरी झण्डी

खबरों की दुनिया

**टोंक।** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण टोंक ने राजस्थान राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जयपुर के निर्देषानुसार आमजन के मध्य विधिक जागरूकता उत्पन्न करने, नालसा एवं रालसा की विभिन्न योजनाओं एवं राष्टीय लोक के प्रचार प्रसार करने के उद्देष्य से सोमवार को जिला विधिक सेवा प्राधिकरण टोंक की सचिव डॉ. रूबीना परवीन अंसारी ने सचल विधिक सेवा केन्द्र कम लोक अदालत मोबाईल वाहन को हरी झण्डी दिखा करके रवाना किया। सचल विधिक सेवा केन्द्र के माध्यम से 18मार्च तक टोंक न्यायक्षेत्र में निःषुल्क विधिक सहायता, नालसा एवं रालसा की विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं का प्रचार, नशीले पदार्थो के सेवन के दुष्पारिणाम का प्रचार, बाल विवाह, बालश्रम, बन्धुआ मजूदरी, षिक्षा के मौलिक अधिकार की जानकारी के लिए आमजन को जागरूक किया जाएगा। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण टोंक की ओर से मोबाईल वैन के साथ नियुक्त किए गए अधिवक्त ाओं ने विधिक जागरूकता षिविरों का आयोजन करके आमजन को योजनाओं की जानकारी दी।

## श्री सिद्ध चक्र महामंडल विधान को लेकर हुए कई अनुष्ठान

खबरों की दुनिया

**निवाई।** आर्यिका श्रुतमति माताजी एवं सुबोध मति माताजी के सानिध्य में आयोजित श्री सिद्ध चक्र महामंडल विधान को लेकर सोमवार को भगवान पारसनाथ की वृहद् शांतिधारा के साथ कलशाभिषेक किया एवं विधान में सभी इंद्र इंद्राणियों द्वारा सुमेरु पर्वत से क्षीर सागर का जल लाकर भगवान का चारों दिशाओं से छत्र लगाकर अभिषेक किया। भगवान पारसनाथ की शांति धारा करने का सौभाग्य महावीर प्रसाद, मुकेश कुमार व अनिलकुमार जैन पहाड़ी परिवार को प्राप्त हुआ।

जैन समाज के प्रवक्ता राकेश संघी ने बताया कि सिद्ध चक्र मंडल विधान पूजा से पूर्व पंडित धर्मचंद शास्त्री अष्टापद द्वारा नित्य नियम पूजा शुरू करवाई इसके बाद पर्व की पूजा के दौरान अरिहंत सिद्ध आचार्य उपाध्याय सर्व साधु जिन धर्म, जिन आगम, जिन चेत्य, जिन चेत्यालय की विशेष पूजा अर्चना की गई। इसके बाद संगीतकार अरविंदकुमार जैन सागर द्वारा विधान पूजा शुरू की गई जिसमें सिद्धौ की आराधना के तहत सौधर्म इंद्र तारा देवी, महावीर प्रसाद, मुकेश कुमार व अनिल कुमार जैन पहाड़ी परिवार ने मंडप पर 16 श्रीफल अर्ध समर्पित किये। अष्टानिका का पर्व को लेकर प्रतिदिन संत निवास पर भगवान की शांति धारा के साथ विधान पूजा सहित अनेक धार्मिक अनुष्ठानों का आयोजन किया जाएगा।

## राउमावि गांवड़ी के एसपीसी छात्रों का दल एक्सपोजर विजिट हेतु आमेर रवाना

**देवली।** राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय गांवड़ी के एस पी सी छात्रों का दल एक्सपोजर विजिट हेतु जयपुर स्थित आमेर के लिए रवाना हुआ। अनिरुद्ध गौतम के अनुसार एस पी सी प्रभारी पारस मल जैन ने बताया कि दल को उप सरपंच हंसराज गुर्जर व भूतपूर्व सैनिक राम-लक्ष्मण पेडवाल ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस अवसर पर प्रधानाचार्य दयाल राम मीणा, वरिष्ठ अध्यापक संजय सोयल, जितेन्द्र सिंह, धर्मचंद जैन, दुर्गा लाल मीणा भी उपस्थित रहे। उन्होंने बताया कि दल जयपुर में विभिन्न स्थानों व कोर्ट का विजिट कर वापस लौटेगा।


## कार्यालय नगर परिषद, टोंक (राज.)

क्रमांक :- एमसीटी/2023-24/ दिनांकः-

**संशोधित इश्तेहार उज्र आपत्ति**

सर्व साधारण को सुचित किया जाता है कि श्रीमति रूखसाना पत्नी श्री मोहम्मद नोमान शार्गिद पेशा टोंक ने अपने मकान वाके हायर सेकण्डरी स्कुल रोड, शास्त्री नगर के सामने टोंक 186.66 वर्ग गज का 69ए के तहत आवासीय पट्टा चाहने हेतु पत्रावली प्रस्तुत की है जिसकी सीमाऐं निम्न प्रकार है-

पुर्व, - कोठी व बाउण्डरी रफीउल्ला बैग हाल प्रभुदयाल | पश्चिम - मकान बद्रीनारायण

उत्तर- मकान अन्य | दक्षिण - आम रास्ता

यदि इस कार्य से किसी आम व खास को कोई उज्ज या आपत्ति हो तो परिषद में सात दिवस के अन्दर-अन्दर मय सबूत के प्रस्तुत करें। बाद मियाद गुजरने पर किसी भी उज्र या आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा ओर नियामानुसार पट्टा जारी किये जाने की कार्यवाही की जावेगी।

**आयुक्त नगर परिषद, टोंक**


## पिस्टल व जिन्दा कारतूस सहित एक युवक को पुलिस ने पकड़ा

खबरों की दुनिया

**टोंक।** जिले की निवाई पुलिस ने सोमवार को देशी पिस्टल व जिन्दा कारतूस ले जाते एक व्यक्ति को पकडा हैं। पुलिस ने जिसकी मोटरसाईकिल भी जप्त की है। जिला पुलिस अधीक्षक संजीव नैन के निर्देशानुसार शुरू किए गए विशेष अभियान के तहत अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्रीमती सरिता सिंह व निवाई पुलिस वृत्ताधिकारी पर्यवेक्षण मृत्युन्जय मिश्रा के पर्यवेक्षण में निवाई पुलिस थानाधिकारी हरिराम वर्मा के नेतृत्व में गठित विशेष टीम ने अवैध हथियार ले जाते हुए एक व्यक्ति को पकडा है।

पुलिस सूत्रों ने बताया कि पुलिस को इत्तला मिली कि एक व्यक्ति हीरो डिलक्स मोटरसाईकिल से निवाई की तरफ आ रहा है, जिसके पास अवैध हथियार है। जिसके बाद उपनिरीक्षक घासीलाल ने पुलिस जाप्ता के साथ श्यामा प्रसाद मुखर्जी नगर तिराहा पर नाकाबंदी की। जिस दौरान एक युवक हरिशंकर पुत्र देवाराम गुर्जर निवासी बड़ली पुलिस थाना चाकसू जिला जयपुर दक्षिण को पकडा तथा तलाशी ली तो उसके पास एक देशी पिस्टल, एक जिन्दा कारतूस मिला जिसको पुलिस ने धरदबोचा। जिसने अवैध हथियार की खरीद फरोख्त करने व बेचना पूछताछ में बताया है।

# खैरात की उम्मीद में हमने भी लगाया ड्राप बाक्स



अशोक चतुर्वेदी
व्यंग्यकार

अभी तक नवजात छोड़ते सुना था...पहली बार सुना कि कोई ड्राप बाक्स में इलेक्टोरल बांड छोड़ गया..टीएमसी और जेडीयू का जवाब चौंकाने वाला है..दोनों ही दल बड़े मासूम निकले कभी जानने की कोशिश भी नहीं कि बांड कौन छोड़ गया..शायद पत्ते खुलते भी नहीं.. लेकिन सुप्रीम कोर्ट की सख्ती के बाद अनेक कहानियां उजागर हो रही हैं...ऐसी ही एक कहानी में टीएमसी और जेडीयू का अजब जवाब चर्चा में है...एक अंग्रेजी अखबार में छपी रिपोर्ट कहती है कि दोनो पार्टियों ने कहा है कि उनके पार्टी दफ्तर में अज्ञात लोग आए और सीलबंद लिफाफे में इलेक्टोरल बांड दे गए..उन्हें नहीं पता कि ये चंदा किसने दिया...रिपोर्ट के अनुसार, जेडीयू ने अप्रैल 2019 में मिले 13 करोड़ रुपए में से केवल तीन करोड़ रुपए देने वाले डोनर्स की पहचान बताई है...वहीं, टीमएसी ने किसी भी डोनर का नाम नहीं बताया...16 जुलाई 2018 से 22 मई 2019 के बीच टीएमसी को 75 करोड़ रुपए चंदा मिला लेकिन पार्टी ने डोनर्स की पहचान जाहिर नहीं की है... टीएमसी ने तब चुनाव आयोग को अपना जवाब देते हुए कहा था कि इनमें से कई सारे बांड्स पार्टी कार्यालय के ड्रॉप बॉक्स में डाले गए या उन लोगों के जरिए पहुंचे जो पार्टी के समर्थक थे..इसलिए उनके पास उन लोगों की जानकारी नहीं है, जिन्होंने ये चंदा दिया..कितने मासूम हैं ये दल...ठीक उस बच्चे की मां की तरह जो बच्चा तो पैदा करती है लेकिन समाज के सामने बच्चे के बाप का नाम उजागर नहीं करती... बच्चा पैदा कर किसी कचरे के ढेर पर या किसी गली किनारे छोड़ जाती हैं लेकिन बाप का नाम उजागर नहीं करतीं...कुछेक तो इतनी भी जहमत नहीं उठातीं...बच्चा जनने के बाद अस्पताल से ही निकल लेती हैं...अलबत्ता इनसे भी अगर बाप का नाम पूछा जाता तो शायद यही जवाब होता...वे नहीं जानतीं बच्चा किसका है...हालांकि ऐसा जवाब सभी को अस्वीकार्य होता लेकिन पकड़े जाने पर ऐसा कहने के अलावा उसके पास चारा ही क्या बचता है...किस्सा है, एक सिने अभिनेत्री एक क्रिकेटर के प्रेम में पड़ गई...क्रिकेटर वेस्ट इंडीज का था...दोनों में प्यार हुआ...हदें पार हुई तो अभिनेत्री गर्भ से हो गई...मुमकिन है अभिनेत्री ने क्रिकेटर को इत्तला की होगी लेकिन क्रिकेटर ने कभी सबके सामने रिश्ता स्वीकार नहीं किया...कुछ



मजबूरियां रही होंगी...यूं ही कोई बेवफा नहीं होता...तो क्रिकेटर ने कभी किसी को नहीं बताया कि अभिनेत्री के साथ उसके जिस्मानी ताल्लुकात थे... अभिनेत्री ने लड़की को जन्म दिया...बात फैल गई...सब बच्चे के पिता का नाम जानने को उत्सुक हुए...कारण कि अभिनेत्री ने कुंवारी रहते बच्चे को जन्म दिया...तो सब बच्चे के पिता का नाम जानने को उतावले हुए...लेकिन अभिनेत्री ने कभी पत्ते नहीं खोले...अर्से बाद पता चला कि

> व्हाटएप के जमाने में ड्राप बाक्स की बात बेमानी लगती है अलबत्ता जैसे ही सुना कि टीएमसी के ड्राप बाक्स में करोड़ों के इलेक्टोरल बांड डाले गए...उम्मीद ने अंगड़ाई ली...तो बिना देर किए घर के बाहर ड्राप बाक्स लगाने का आर्डर दे दिया...बांड ना सही चुनावी मौसम में खैरात की उम्मीद तो कर ही सकते हैं...क्या पता सरकार चेत जाए...तेल में मात्र एक रुपए चालीस पैसे कम करने पर शर्मिंदगी हो और कुछ नगद देने का ख्याल आए...जाहिर है आचार सहिंता के चलते ठोक-बजाकर देना संभव नहीं तो मुमकिन है ड्राप बाक्स काम के साबित हों...तय है आम अवाम के ड्राप बाक्स में करोड़ों के बांड तो आने से रहे..।

अभिनेत्री नीना गुप्ता ने जिस बच्ची को जन्म दिया उसके पिता क्रिकेटर विवियन रिचर्ड थे....इलेक्टोरल बांड की कहानी भी कुछ इससे मिलती जुलती है...अव्वल तो अब तक पता ही नहीं चलता था कि बांड किसने खरीदा ...पैसा किसको गया...लेकिन जब सुप्रीम कोर्ट का डंडा चला तो बैंक को पत्ते खोलने पड़े...हालांकि पांच साल पहले भी कहानी दोहराई गई ..तब चुनाव आयोग ने जानने की कोशिश की तो टीएमसी ने ऐसा जवाब दिया जो पचाने योग्य नहीं था...कोई आया और ड्राप बाक्स में बांड डाल गया...क्या खूब कहानी है...अब समय बदल रहा है...मुल्क जानना चाहता है कि आखिर इलेक्टोरल बांड का किस्सा क्या है.... अदालती कार्रवाई से जिज्ञासा और तीव्र हो रही है...इस बीच एक अंग्रेजी अखबार की रिपोर्ट ने टीएमसी और जेडीयू के चरित्र को उजागर कर दिया है....वैसे राजनीति के हमाम में सब नंगे हैं... कोई मुरीदों का नाम बताने को राजी नहीं...सही भी है...मददगार की पोल खोली तो फिर मदद मिलना बंद हो सकती है...फिर जो कुछ हाथ आएगा बहुत थोड़ा रह जाएगा या फिर आएगा ही नहीं...तो कोई भी नाम उजागर करने को तैयार नहीं...लेकिन अदालत ने सख्ती अख्तियार कर रखी है...निश्चय ही ढोल की पोल खुलेगी...हालांकि इससे होना-जाना कुछ नहीं है...सबके पास जवाब हाजिर है...कोई इसे पारदर्शिता का जामा पहनाएगा तो कोई इसे सबसे बड़ा स्कैम बताएगा...गर कुछ नहीं बताएगा तो वह है चंदा मामाओं के नाम...तो बेवकूफ बनने से बाज आए...दुआ करें कि कोई हमारे लिए भी ऐसे ही बांड ड्राप बाक्स में छोड़ जाए...घर के बाहर ड्राप बाक्स नहीं लगाए हों तो लगवा लें..अगर कोई बांड नहीं भी डाल कर गया तब भी संदेशे का आसरा तो बना रहेगा ...और कुछ नहीं तो चुनावी मौसम में चेलेचाटी प्रचार सामग्री ही डाल जाएंगे...आम अवाम के ड्राप बाक्स में इससे ज्यादा उम्मीद करनी भी नहीं चाहिए...ये कोई जेडीयू या टीएमसी का ड्राप बाक्स थोड़े ही है कि कोई इलेक्टोरल बांड डाल जाए...रही बात बांड की तो बड़े लोगों के पास ऐसे बहुतेरे किस्से होते हैं...जिन्हें ये वक्त-बेवक्त अपने ड्राप बाक्स से निकालते रहते हैं...आम अवाम का ना कोई ड्राप बाक्स होता है और ना ही कोई एक रुपल्ली भी डाल कर जाता है...सनद रहे।

**(यह लेखक के अपने विचार है)**

# तय करो कि तुम्हें किधर जाना है?

**- वेदव्यास**
**वरिष्ठ पत्रकार एवं साहित्यकार**

इन दिनों में देश का भूत, भविष्य और वर्तमान, गहरे सामाजिक-आर्थिक संकट में फंसा हुआ है। आम जनता का रोना-बिलखना पूरी तरह बेमानी है। प्रधानमंत्री अपनी छवि को और साम्राज्य को बचाने में लगे हैं तो मुख्यमंत्री अपनी कुर्सी को बचाने में उलझे हुए हैं। मीडिया, उद्योग जगत, पुलिस प्रशासन और राजनैतिक दलों का इतना बुरा हाल है कि किसी के पास जीने मरने का कोई हिसाब ही नहीं है। राज-काज सुबह से शाम तक घोषणाओं, उपदेशों और आत्ममुग्धताओं में बीत रहा है।

चारों तरफ सरकारें अपने विज्ञापन छाप-छापकर अपनी असफलताओं को ढक रही हैं। जो एक बार पुलिस, अदालत, वकील और डॉक्टर के चंगुल में फंस गया, वह एडियां घिसते हुए ही मर रहा है। जंगल में जलवायु प्रकोप का ऐसा आतंक हैं कि कहीं ज्वालामुखी फट रहे हैं तो कहीं बादल फट रहे हैं तो कहीं सागर में तूफान उठ रहे हैं तो कहीं नदियों में बाढ़ आ रही है। अब आप सोचिए कि जिस गरीब का घर पहाड़ के नीचे और नदी के किनारे है वो अपनी जान कैसे बचा रहा है।

आश्चर्यजनक सच ये है कि सरकार के पास झूठे आश्वासन देने के अलावा अब कुछ बचा ही नहीं है और आम जनता को डरा-धमकाकर आत्मसमर्पण करने को मजबूर करने के अलावा कोई हथियार ही शेष नहीं है। आप एक ऐसे भंवर में फंसे हैं कि हर लहर आपको लगातार कमजोर कर रही है। रोज जीने-मरने की कहानी इस तरह बदल रही है कि जीना-मरना एक समान हो गया है। क्या आपको याद है कि वर्षों पहले नोटबंदी से आम-आदमी का घर परिवार कैसे बर्बाद हुआ, क्या आपको पता है कि डिजिटल इंडिया-बनाने के चक्कर में आज देश का गरीब बच्चा कितना पिछड़ गया है। अब भारत की 140 करोड़ की जनशक्ति नया भारत बनाने के सरकारी सपनों में इतनी उलझी है कि सरकार ने देश के किसानों को सड़कों पर पड़े रहने को मजबूर कर रखा है।

जम्मू-कश्मीर में लोकतंत्र की आवाज आज कहीं विचारणीय प्रश्न ही नहीं है। हम रोज इस एक बात पर सोचते हैं कि आखिर ये खेल कब तक चलेगा और समस्याओं की एक लहर से दूसरी लहर के थपेड़े यहां का लोकतंत्र कब तक खाता रहेगा। विकास और परिवर्तन का ये कौनसी राजनीति है जो गरीब को गरीब और अमीर को अमीर बना रही है, और नागरिक को हिंदू-मुसलमान में बदल रही है? क्या लोकतंत्र में बहुमत की सरकार अपनी जनता को इस तरह अपमानित कर सकती है और क्या संसद को अर्थहीन बना सकती है और संविधान की मजाक उड़ा सकती है।

आज इस देश का सबसे बड़ा दुश्मन इस देश की गरीबी, अशिक्षा, कुपोषण, बेरोजगारी और भ्रष्टाचार है जो हमें विभाजित करता है और भगवान की शरण में ले जाता है। 2014 और 2019 के आम चुनाव में इस धर्म-जाति की नाव पर बैठी जनता ने ही अपने साथ इतना बड़ा धोखा किया है कि अब इसे 2024 में मरना, हारना और पछताना ही पड़ेगा, क्योंकि हमने धर्म और जाति के नाम पर वोट दिए हैं।

अब आप पिछले 10 साल में हुई अपनी दुर्गति से ये बात पूरी तरह समझ गए हैं कि धर्म, जाति और सांप्रदायिक राजनीति का असली चेहरा क्या है? और लोकतंत्र में एक गरीब की क्या औकात है। हमारी आजादी और लोकतंत्र आज सांपद्रायिक राजनीति के कैंसर से पीड़ित हैं और जो एक घातक महामारी है। हमारी गरीबी और अशिक्षित समाज में सामाजिक-आर्थिक असमानता से अनवरत हिंसा बढ़ रही है और अराजकता-असंतोष बेलगाम हो रहा है। विपक्ष कमजोर है और विभाजित है और ये ही कारण हैं कि हम सब एक दूसरे की जासूसी कर रहे हैं और सरकार के हाथों का खिलौना है। अब हमारी इस रामायण का एक ही सार है कि जब तक धर्म-जाति और धन-दौलत की राजनीति के रावण का वध नहीं होगा जब तक राम अपनी अयोध्या में नहीं लौटेंगे और रामराज्य नहीं आएगा। तब तक हमारी सीता माता भूमि समाधि के लिए और हनुमान अपनी जल-जंगल और अपनी जमीन को तलाशते रहेंगे। रामायण और महाभारत का इस लोकतंत्र को आज ये ही संदेश है कि खुद ही को कर बुलंद इतना कि हर तदबीर से पहले खुदा बंदे से ये पूछे बता तेरी रजा (इच्छा) क्या है? अतः आंख वालों को ही अब धृतराष्ट्रों को जवाब देना पड़ेगा। **(यह लेखक के अपने विचार हैं)**

# टीएमयू एफओई का इफको और बीईएचएल का भ्रमण

**मुरादाबाद।** तीर्थंकर महावीर यूनिवर्सिटी, मुरादाबाद के कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग के विद्युत अभियांत्रिकी विभाग ने इफको आंवला का औद्योगिक भ्रमण किया है। साथ ही इलेक्ट्रॉनिक्स और संचार इंजीनियरिंग विभाग की ओर से रक्तदान शिविर का आयोजन किया। इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग विभाग की ओर से बीएचईएल पर औद्योगिक दौरा किया। दूसरी ओर इलेक्ट्रॉनिक्स और संचार इंजीनियरिंग विभाग की ओर से डिप्लोमा और बीटेक छात्रों के लिए इलेक्ट्रॉनिक्स सेवा और प्रशिक्षण केंद्र-ईएसटीसी, रामनगर, उत्तराखंड की औद्योगिक यात्रा की। इफको में छात्रों ने इफको की स्थापना, उद्देश्यों, संयंत्र के संचालन, उत्पादन प्रक्रियाओं और उर्वरक उद्योग में इसकी महत्वपूर्ण भूमिका की जटिलताओं पर विस्तार से जानकारी प्राप्त की। छात्रों को प्लांट के कंट्रोल और पावर जनरेशन यूनिट से परिचित कराया गया, जहां इंजीनियर ने विद्युत विफलताओं को रोकने और निर्बाध बिजली आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए स्थापित मजबूत प्रणालियों की व्याख्या की। नैनो यूरिया संयंत्र पर छात्रों ने क्रांतिकारी नैनो यूरिया प्रौद्योगिकी तथा वितरण में शामिल स्वचालित उत्पादन प्रक्रियाओं के बारे में जाना। इन एजुकेशनल विजिट्स में सीसीएसआईटी एंड एफओई के




निदेशक प्रो. आरके द्विवेदी, डॉ. शुभेंद्र प्रताप सिंह, श्री देबांजन रॉय, श्री मणिग्रीव मिश्रा, जबकि रक्तदान शिविर में डॉ. प्रेरणा गुप्ता, डॉ. राहुल शर्मा, के अलावा मेडिकल टीम के डॉ. निखिल, डॉ. श्वेत मिश्रा, श्री राजकुमार की उल्लेखनीय भूमिका रही। कार्यक्रमों में श्री प्रशांत कुमार, डॉ. अलका वर्मा, श्री राहुल विश्नोई, श्री नीरज कौशिक, डॉ. गरिमा गोस्वामी, श्री उमेश सिंह, सुश्री जरीन फारूक, सुश्री इंदु त्रिपाठी, श्री शशांक मिश्रा आदि उपस्थित रहे।

इलेक्ट्रॉनिक्स और संचार इंजीनियरिंग विभाग और जज्बा क्लब की ओर से रक्तदान शिविर में डॉ. प्रेरणा गुप्ता ने बतौर मुख्य अतिथि कहा कि किसी का रक्त आपात स्थिति, सर्जरी और विभिन्न बीमारियों के उपचार के दौरान जीवन बचाया जा सकता है। रक्तदान के नेक काम से जुड़ें और किसी की कहानी में हीरो बनें। बीएचईएल में विभिन्न प्रकार की बड़ी यूनिटों का निर्माण, तैयारी और समापन किया जाता है। संस्थान के सदस्यों और प्लांट इंजीनियर श्री राजकमल की निगरानी में छात्रों ने बहुत ज्ञान प्राप्त किया। छात्रों ने हाइड्रोलिक प्रेस, वर्टीकल बोरिंग मशीन, स्टीम टरबाइन आदि का भी भ्रमण किया। ईएसटीसी प्रशिक्षण केंद्र पर प्रयोगशालाओं और परियोजनाओं को निदेशक प्रशिक्षण श्री दिनेश चंद्र, जूनियर वैज्ञानिक श्री बीरेंद्र कुमार यादव, श्री नयनज्योति तालुकदार, श्री अमरेंद्र कुमार भारती और लैब-पर्यवेक्षक श्री सुमित बौराई ने संयंत्र और प्रशिक्षण केंद्र के सभी प्रभागों के बारे में विस्तार से समझाया।

यहां पर छात्रों ने आईओटी, सोलर, ड्रोन, रोबोट, पीसीबी डिज़ाइन लैब्स और विभिन्न सॉफ़्टवेयर की गतिविधियों को जाना। इस यात्रा का उद्देश्य पीसीबी डिजाइनिंग, सीएनसी, सौर सेल, रोबोटिक्स और उनके सिस्टम के क्षेत्र में छात्रों की समझ को व्यापक बनाना था। यह विषयों के सैद्धांतिक ज्ञान को उद्योग में व्यावहारिक अनुप्रयोग से जोड़ सकता था।

## कविता
## 'आत्म-सम्मान'

गलती ना होने पर
भी झुक जाती हूं,
पर बात आत्म-सम्मान
की आये तो,
पलट कर जवाब देती हूं।
कहे कोई अंहकारी मुझे
लेकिन बात जब सम्मान देने की
आती है,
तो खुद के आत्म-सम्मान के सबसे
लड़ जाती हूं।
किसी चीज के लिए अपना रूतबा
नही गिाती हूं।
बात जब आत्म-सम्मान की आती है
तो, समझौतें के रिश्ते
नही निभाती हूं।

**- उषा मेहरा**
**टोंक।**

## कविता

मशवरा है कि तेरे शहर की
महफिल। मशवरा है कि तेरे शहर
की महफिल बदले, अब तक तो
कभी खंजर कभी कातिल बदले।

जिंदगी किस्तों में गुजर गई तो
क्या, जितने हमदर्द थे सारे
शामिल बदले।।

लहरें चली आई मचलते हुए शहरों
में, अब ना तो कश्ती ना ही
साहिल बदले।

कत्ल मेरा इल्जाम नहीं है उस पर,
कितना मासूम लगे रूप जब
कातिल बदले।
जिंदगी ने दिए हजारों जख्म हमें,
जिंदगी के गणित में सारे हासिल
बदले।

**संजीव ठाकुर**

# धर्मनिरपेक्षता की व्यापक संवैधानिक मीमांसा

**संजीव ठाकुर**
**चिंतक, लेखक**

धर्मनिरपेक्षता लोकतंत्र को सशक्त करने हेतु एक महत्वपूर्ण संवेदनशील एवं शाश्वत सिद्धांत है। धर्मनिरपेक्षता भारतीय राजनीति का मूल आधार तत्व है। जिसमें राजनीतिक दलों को भारतीय संविधान की महत्वपूर्ण भूमिका अंतर्निहित है। धर्मनिरपेक्षता धार्मिक उग्रवाद का बड़ा विरोधी भाव है। पर भारत में धर्मनिरपेक्षता संविधान की लकीरों तक सीमित होकर रह गया है। मणिपुर और उत्तर प्रदेश के कई जिलों में धर्म विशेष के आपसी झगड़ों के कारण धर्मनिरपेक्षता की आत्मा को गहरी चोट लगी है और धर्मनिरपेक्षता के संवैधानिक अस्तित्व में प्रश्नचिन्ह लगने लगा है। धर्मनिरपेक्षता एक व्यापक अवधारणा है इसमें धर्म के प्रति विद्वेष का भाव नहीं होता है, बल्कि सभी धर्मों का समान आदर किया जाता है। इस आधुनिक काल में धर्मनिरपेक्षता सामाजिक और राजनीतिक सिद्धांत में प्रस्तुत सर्वाधिक जटिल शब्दों में एक है। धर्मनिरपेक्षता का अर्थ पाश्चात्य तथा भारतीय संदर्भ में अलग-अलग हैद्य भारतीय धर्मनिरपेक्षता का तात्पर्य समाज में विभिन्न धार्मिक मतों का अस्तित्व मूल्यों को बनाए रखने सभी मतों का विकास और समृद्धि करने की स्वतंत्रता का तथा साथ ही साथ सभी धर्मों के प्रति एक समान आदर तथा सहिष्णुता विकसित करना भी है। पश्चिमी संदर्भ में धर्मनिरपेक्षता का तात्पर्य ऐसी व्यवस्था से है जहां धर्म और राज्यों का एक दूसरे के मामले में हस्तक्षेप न करना तथा व्यक्तियों और उसके अधिकारों को केंद्रीय महत्व दिया जाना शामिल है। यद्यपि भारतीय धर्मनिरपेक्षता मैं पश्चिमी भाव तो शामिल हैं साथ-साथ कुछ अन्य भाव भी शामिल किए गए हैं। धर्मनिरपेक्ष व्यक्ति समाज या राष्ट्र अभाव होता है, जो किसी विशेष धर्म या अन्य धर्मों की तुलना में पक्षपात नहीं करता है।

भारतीय संदर्भ धर्मनिरपेक्षता की आजादी के बाद बड़ी स्वच्छ एवं स्वस्थ सार्वभौमिक परंपरा रही है।इसमें किसी व्यक्ति से धर्म और संप्रदाय के नाम पर किसी प्रकार का भेदभाव नहीं किया जाता है। प्रत्येक नागरिक को इसके अंतर्गत स्वतंत्रता प्राप्त होती है कि वह अपनी इच्छा अनुसार किसी भी धर्म को अपनाएं एवं किसी भी व्यक्ति के धार्मिक मामलों में हस्तक्षेप न करें, भारत में धर्म और राजनीति को एक दूसरे से अलग तथा पृथक रखने की हमेशा कोशिश की गई है। भारत में राज्य का अपना कोई धर्म नहीं है, यहां राज्य की नजर में सब एक समान है। भारत में धर्मनिरपेक्षता में सभी धर्मों को समानता का दर्जा प्रदान किया गया है। सभी धर्मों के नागरिकों से यह अपेक्षा की जाती है कि वह सभी धर्मों के नागरिकों को समान आदर व इज्जत से व्यवहार करें। भारतीय धर्मनिरपेक्षता राज्य के सभी धर्मों को विकास का समान अवसर देती है, इस प्रकार यह माना जा सकता है कि धर्मनिरपेक्षता सर्वधर्म समभाव पर विशेष महत्व देकर उस पर केंद्रित करती है। धर्मनिरपेक्षता के अंतर्गत तर्क और विवेक की प्रधानता होती है, सभी व्यक्ति को सब कुछ कहने और विचार करने की स्वतंत्रता होने के साथ-साथ वैज्ञानिक आविष्कारों को भी पूर्ण अधिकार के साथ प्रोत्साहित भी किया जाता है। भारतीय संदर्भ में धर्मनिरपेक्षता से विविधता में एकता को बल मिलता है। हालांकि कुछ राजनीतिक दलों ने समय-समय पर भारतीय धर्मनिरपेक्षता को सत्ता प्राप्त करने हेतु कमजोर करने की कोशिश की है, यह हमारी जिम्मेदारी तो है ही साथ ही आम जनता, राजनीतिक दलों,मीडिया एवं सभी प्रमुख राजनीतिक दलों की महती जिम्मेदारी है कि भारतीय संविधान के अनुरूप धर्मनिरपेक्षता का राजनीतिक, सामाजिक जीवन में पालन करें, जिससे हमारे देश का लोकतंत्र और अधिक सुदृढ़ होकर विश्व के लिए एक आदर्श प्रतिमान प्रस्तुत करें। आजादी के पूर्व तथा आजादी के पश्चात महात्मा गांधी, मौलाना अबुल कलाम आजाद, जवाहरलाल नेहरू, सरदार वल्लभभाई पटेल, लाल बहादुर शास्त्री आदि नेताओं का धर्मनिरपेक्षता के सिद्धांत के प्रति अटूट श्रद्धा एवं विश्वास थाद्य स्वतंत्रता के पूर्व राष्ट्रीय आंदोलन से पहले ही सामाजिक धार्मिक सुधार आंदोलन ने धर्मनिरपेक्षता का मार्ग प्रशस्त कर दिया था, और स्वतंत्रता के बाद भारत में धर्मनिरपेक्षता की लोकतांत्रिक शासन प्रणाली अपनाई गई है, जिसके अंतर्गत व्यक्ति को समानता स्वतंत्रता व न्याय जैसे मानव अधिकार प्राप्त हैं। और इन अधिकारों में सबसे महत्वपूर्ण धार्मिक स्वतंत्रता को माना गया है, इसके अभाव में राज्य में समानता व धर्म निरपेक्षता की स्थापना नहीं की जा सकती है। भारत की सबसे बड़ी विशेषता विविधता में एकता ही रही है, विविधता में एकता का मूल मंत्र ही धर्मनिरपेक्षता का है। भारत में अल्पसंख्यक भी इसी देश के निवासी हैं और इनको विश्वास दिलाने तथा इनकी रक्षा करने का मार्ग प्रशस्त धर्मनिरपेक्षता के अस्त्र के रूप में किया गया है। भारत देश निरंतर विकास के सोपान की तरफ अग्रसर है और एक वैश्विक महाशक्ति बनने की दिशा में प्रशस्त भी है। इन परिस्थितियों में विश्व के समक्ष धर्मनिरपेक्ष था की एकता का आदर्श स्थापित करने की परम आवश्यकता है। भारतीय संविधान की प्रस्तावना के 42 वें संशोधन 1976 के अंतर्गत पंथनिरपेक्ष शब्द जोड़ा गया है, जिसका मतलब राज्य सभी मतों को समान रूप से रक्षा करेगा एवं स्वयं भी किसी मत को राज्य के धर्म के रूप में नहीं अपनाएगा। भारत का संविधान हमें विश्वास दिलाता है कि उसके साथ धर्म के आधार पर किसी प्रकार का भेदभाव नहीं किया जाएगाद्य भारत का संविधान पूर्ण रूप से भारतीय जनमानस की व्यक्तिगत, जातिगत स्वतंत्रता की रक्षा करने के लिए ही निर्मित किया गया है। न्यायपालिका तथा कार्यपालिका इस हेतु संपूर्ण रुप से प्रतिबद्ध भी हैं। किंतु भारतीय संदर्भ में सबसे बड़ी विडंबना यह है कि राजनीतिक दलों पर लोकतंत्र और धर्मनिरपेक्षता को मजबूत करने की जिम्मेदारी है, वही लोग अपने स्वार्थ पर राजनीति के लिए मुद्दों को चुनावी हथियार बनाते हैं जिसका शिकार आम जनता को होना पड़ता है । इसके कारण समाज का माहौल बिगड़ जाता है। यह संपूर्ण रूप से एक चिंता का विषय है । भारत में स्वतंत्रता के बाद से लोकतंत्र तथा धर्मनिरपेक्षता के सिद्धांत बड़े ही मजबूत रहे हैं और इसकी स्वस्थ परंपरा भी भारत देश में रही है। इसे हमेशा मजबूत एवं शाश्वत बनाने की आवश्यकता वर्तमान में प्रतीत होती है।

**(यह लेखक के अपने विचार है)**

# जगद्गुरु श्री शंकराचार्य के एकात्म दर्शन पर व्याख्यानमाला का आयोजन

**खबरों की दुनिया**

**जयपुर ।** जगद्गुरु श्री शंकराचार्य के एकात्म दर्शन पर व्याख्यानमाला कार्यक्रम सोमवार को एमएनआईटी के नीति सभागार में आयोजित किया गया। भारतीय भाषा समिति, शिक्षा मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा प्रायोजित और शैक्षिक मंथन संस्थान, जयपुर एवं राजकीय महाविद्यालय सांगानेर द्वारा आयोजित यह व्याख्यानमाला जगद्गुरु श्री शंकराचार्य के एकात्म दर्शन पर केंद्रित रही, जिसमें उनके दर्शन के विभिन्न पहलुओं पर विमर्श किया गया।

कार्यक्रम का शुभारंभ सरस्वती वंदना से किया गया। व्याख्यानमाला के विषय का प्रवर्तन करते हुए कार्यक्रम संयोजक डॉ. शिव शरण कौशिक ने भारतीय भाषा समिति द्वारा संविधान की आठवीं अनुसूची में स्वीकृत 22 भाषाओं के संवर्धन एवं उनमें शोध तथा अनुसंधान के उद्देश्य को प्रकट किया। कार्यक्रम की प्रस्तावना भारतीय भाषा समिति के अध्यक्ष चमू कृष्ण शास्त्री के वीडियो संदेश के माध्यम से रखी गई। उन्होंने कहा कि जगदुरु शंकराचार्य ने संस्कृत के माध्यम से भारत का सामाजिक व आध्यात्मिक पुनरुत्थान किया एवं उन्होंने वर्तमान राष्ट्रीय शिक्षा नीति में भारतीय भाषाओं को दिए गए प्रोत्साहन को रेखांकित किया। कार्यक्रम के मुख्य वक्ता शास्त्री कोसलेंद्रदास ने अपने उद्बोधन में जगद्गुरू शंकराचार्य के योगदान पर प्रकाश डालते हुए कहा कि सनातन संस्कृति का वर्तमान स्वरूप आदि शंकराचार्य की ही देन है। उन्होंने पं. दीनदयाल उपाध्याय की पुस्तक जगद्गुरु श्री शंकराचार्य का उल्लेख करते हुए कहा कि पं. दीनदयाल द्वारा दिया गया एकात्मक मानवतावाद, गुरुग्रंथ साहिब, तुकाराम के एकेश्वरवाद का आधार शंकराचार्य जी द्वारा दिया गया एकात्मक दर्शन है। आदि गुरु शंकराचार्य ने तत्कालीन समय में भारतीय सभ्यता, संस्कृति और सनातन धर्म के विभिन्न मतों में समन्वय व एकता स्थापित करके देश को सांस्कृतिक व सामाजिक रूप से एकता के सूत्र में बांधने का कार्य किया। शंकराचार्य ने जो कुछ कहा वह वेदमूलक है, वेद ज्ञान की अक्षय निधि है।

मुख्य अतिथि डॉ. इंदुशेखर तत्पुरुष ने अपने उद्बोधन में कहा कि जगद्गुरु आदि शंकराचार्य अपने समय के भारत की आधुनिकता के उन्नायक थे, जिन्होंने भारत के राजनैतिक पुनर्जागरण के साथ सांस्कृतिक पुनर्जागरण की आवश्यकता प्रतिपादित की। भारतीय पुनर्जागरण के पुरोधा शंकराचार्य ने साहित्यिक, धार्मिक, सांस्कृतिक, राजनैतिक और वैचारिक पुनर्जागरण का कार्य करते हुए भारतीय ज्ञान परंपरा और संस्कृति को पुनः स्थापित किया।

करने का कार्य किया। धन्यवाद ज्ञापन डॉ. गोविंद शरण शर्मा ने किया। कार्यक्रम में अखिल भारतीय राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ के प्रदेश संगठन मंत्री श्री घनश्याम जी सहित विभिन्न विश्वविद्यालयों, महाविद्यालयों एवं विद्यालयों से सैकड़ों शिक्षक, विद्यार्थी एवं अभिभावक उपस्थित रहे। वंदे मातरम् के साथ कार्यक्रम का

# संपत्ति विरूपण हटाने की कार्यवाही पर सख्त निगरानी रखी जाए

## साप्ताहिक समीक्षा बैठक आयोजित



**धौलपुर ● खबरों की दुनिया**

जिला कलक्टर श्रीनिधि बी टी की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में साप्ताहिक समीक्षा बैठक आयोजित की गई। जिला कलक्टर ने लोकसभा चुनाव 2024 हेतु सभी विभागों को आवश्यक तैयारियां समय पर पूर्ण करने के निर्देश दिये। उन्होंने सभी विभागों को आदर्श आचार संहिता के विभिन्न प्रावधानों की पूर्ण पालना के निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि संपत्ति विरूपण हटाने की कार्यवाही पर सख्त निगरानी रखी जाकर पालना सुनिश्चित की जाये।

जिला कलक्टर ने कहा कि मतदान केंद्रों पर न्यूनतम आवश्यक सुविधाएं सुनिश्चित की जाये। गर्मी के मौसम को देखते हुए सभी मतदान केन्द्रों पर छाया एवं पेयजल की समुचित व्यवस्था की जाये। उन्होंने नगर परिषद को शहर में साफ-सफाई की समुचित व्यवस्था हेतु निर्देशित किया। जिला कलक्टर ने कहा कि लक्षित स्वीप गतिविधियां आयोजित कर मतदान प्रतिशत में वृद्धि करने पर बल दिया जाये। जिला कलक्टर ने कहा कि जिला स्तरीय अधिकारीगण बिना अनुमति के मुख्यालय नहीं छोड़ें। उन्होंने लोकसभा चुनाव हेतु एकीकृत नियंत्रण कक्ष की स्थापना के निर्देश दिये। इस अवसर पर अतिरिक्त जिला कलक्टर ब्रह्मलाल जाट, मुख्य कार्यकारी अधिकारी, जिला परिषद सुदर्शन सिंह तौमर सहित अन्य जिला स्तरीय अधिकारीगण उपस्थित रहे।

# खाद्य पदार्थों के लिए नमूने

**धौलपुर ● खबरों की दुनिया**



होली के त्यौहार को देखते हुए आमजन को शुद्ध व गुणवत्तापूर्ण खाद्य सामग्री उपलब्ध करवाने हेतु खाद्य सुरक्षा विभाग की टीम द्वारा लगातार खाद्य पदार्थों के नमूने लेने का कार्य कर रही है। जिला कलक्टर श्रीनिधि बी टी के निर्देश पर खाद्य सुरक्षा विभाग की टीम ने कार्यवाही करते हुए जसराम मिल्क फूड प्राइवेट लिमिटेड दिहौली से घी के 3 नमूने,1 नमूना दूध पाउडर तथा बजाज फूड प्रोडक्ट मनियां से कलाकंद, दूध पाउडर तथा सूजी का नमूना लिया। नमूने लेकर जांच के लिए प्रयोग शाला भिजवाया गया है। जांच रिपोर्ट प्राप्त होने पर दोषी के विरुद्ध कार्यवाही की जाएगी। त्यौहारी सीजन को देखते हुए खाद्य पदार्थों के नमूने लेने का कार्य लगातार जारी है।इसके साथ ही मिलावट के प्रति जागरूक करने के तथा आमजन को स्वस्थ एवं स्वच्छ खाद्य पदार्थ सेवन के बारे मे जागरूक किया जा रहा है।



# दिहौली पुलिस ने चम्बल रेता चोरी करने वालों के खिलाफ कार्यवाही

## चम्बल घडियाल प्रतिबंधित क्षेत्र से चोरी छिपे ट्रैक्टर ट्रोली से रेता भरकर ले जाते हुये ट्रैक्टर ट्रोली को जप्त किया

**धौलपुर ● खबरों की दुनिया**





जिला पुलिस अधीक्षक सुमित मेहरडा एवं राजेश कुमार शर्मा वृताधिकारी वृत मनियां के निकटतम सुपरवीजन मे पुलिस मुख्यालय द्वारा चलाये जा रहे विशेष अभियान घडियाल प्रतिबंधित क्षेत्र चंबल नदी से रेता बजरी चोरी करने वालो के खिलाफ कार्यवाही करते हुये ट्रैक्टर चालक द्वारा घडियाल प्रतिबंधित क्षेत्र चम्वल नदी से रेता बजरी को ट्रैक्टर ट्रोली में चोरी छिपे भर ले जाते हुये ट्रैक्टर ट्रोली को जप्त किया व मुल्जिम फरार हो गया। रविवार रात्रि को थानाधिकारी परमजीत सिंह उ.नि. दिहौली के नेतृत्व में टीम गठन कर रामनाथ हैडकानि. मय जाप्ता के रेता बजरी चोरी करने वालो के खिलाफ कार्यवाही करते हुये मुखविर की सूचना पर चाडियानपुरा रोड पुलिया के पास पुलिस को देकर ट्रैक्टर चालक ट्रैक्टर स्वराज मय ट्रॉली अवैध चम्बल रेता बजरी भरे हुये को मौके पर खड़ी फसल सरसों व ऊबड़-खाबड जमीन एवं अंधेरे का फायदा उठाकर भाग गया।



# सी–विजिल एप से आमजन कर सकेंगे आचार संहिता उल्लंघन की शिकायत

## शिकायत पर 100 मिनट में होगी कार्यवाही

**धौलपुर ● खबरों की दुनिया**

भारत निर्वाचन आयोग द्वारा आमजन की सुविधा के लिये सी-विजिल एप संचालित किया है। एप के माध्यम से आचार संहिता के उल्लंघन की शिकायत कर सकते हैं। एप पर की गई शिकायत पर मात्र 100 मिनट में कार्यवाही होगी। निर्वाचन विभाग के अनुसार अगर आमजन को चुनाव में कहीं मदिरा या धन बांटने की जानकारी मिलती है, वोटर्स को ले जाने के लिए वाहन लगे हों या कोई फेक या पेड न्यूज दिखाई दी हो तो सी-विजिल एप पर शिकायत पर जिला निर्वाचन विभाग महज 100 मिनट में कार्यवाही करेगा। आमजन को सिर्फ एक फोटो या वीडियो बना कर चुनाव आयोग के सी-विजिल एप पर अपलोड करनी है। निर्वाचन विभाग तुरंत हरकत में आएगा और कार्यवाही शुरू हो जाएगी।

जिला निर्वाचन अधिकारी श्रीनिधि बी टी ने आमजन से अपील की है कि आचार संहिता के उल्लंघन के मामले में सी-विजिल एप के माध्यम से शिकायत करें। इस पर तुरंत कार्यवाही की जाएगी। उन्होंने बताया कि सी-विजिल एप पर आम नागरिक हथियारों का प्रदर्शन, मतदाताओं को प्रलोभन के लिए निःशुल्क उपहारों का वितरण, मतदाताओं को परिवहन साधनों से वोट डालने ले जाना, फेक न्यूज, डराना-धमकाना, सार्वजनिक प्रोपर्टी पर विज्ञापन, धन वितरण, हेट स्पीच, सांप्रदायिक भाषण एवं शराब व नशीले पदार्थ का वितरण सम्बन्धित शिकायत कर सकते हैं। उन्होंने बताया कि शिकायतकर्ता के चाहने पर उसका नाम गोपनीय रखा जाएगा। ऐप पर फोटो या वीडियो अपलोड करना होगा। शिकायतकर्ता को यह भी लिखने की जरूरत नहीं होगी कि वह कहां है। यानी इस ऐप के जरिए मतदाता भी चुनाव में निगरानी रख सकते हैं। ऐप के माध्यम से मतदाता फोटो और वीडियो के साथ जहां गड़बड़ी हो रही हो, उस स्थान की लोकेशन स्वतः अटेच रहेगी और विवरण लिखकर पूरी जानकारी उपलब्ध करवा सकते हैं।

### ऐसे करें ऐप का उपयोग

जागरूक नागरिकों के लिए सिटीजन विजिल एप है। यह एप एंड्रॉयड और आईओएस दोनों प्लेटफॉर्म पर उपलब्ध है। एंड्रॉयड यूजर इसे गूगल प्ले स्टोर से और एपल यूजर एप स्टोर से डाउनलोड कर सकते हैं। इंस्टॉल करने पर कैमरा, लोकेशन, ऑडियो और फाइल्स एक्सेस करने की अनुमति मांगी जाती है। इसके बाद भाषा चुनने का विकल्प मिलता है। इस एप में झूठी शिकायत रोकने के लिए लाइव फोटो, वीडियो एवं ऑडियो भेजने की सुविधा दी गई है। निष्पक्ष एवं पारदर्शी चुनाव के लिए यह एप प्रभावी भूमिका निभाएगा।

# बिना अनुमति के मुख्यालय छोड़ने पर होगी कार्यवाही

**धौलपुर ● खबरों की दुनिया**

भारत निर्वाचन आयोग नई दिल्ली द्वारा लोकसभा आम चुनाव 2024 के चुनाव कार्यक्रम की घोषणा 16 मार्च को की जा चुकी है जिसके कारण उसी दिन से आचरण आचार संहिता प्रभावी हो चुकी है। लोकसभा आम चुनाव के मद्देनजर 079-धौलपुर विधानसभा क्षेत्र के समस्त कार्मिकों को आदेशित किया जाता है कि कोई भी कार्मिक सहायक रिटर्निंग अधिकारी की बिना अनुमति के किसी भी प्रकार के अवकाश पर नहीं जायेंगे और ना ही मुख्यालय छोड़ेंगे।

# नकदी और अन्य वस्तुओं की जब्ती और रिलीज के लिए शिकायत समिति का गठन

**धौलपुर ● खबरों की दुनिया**

लोकसभा आम चुनाव 2024 के दृष्टिगत नकदी और अन्य वस्तुओं की जब्ती और रिलीज के लिए मानक संचालन प्रकिया के निर्देशों के अनुसार कार्यवाही करने हेतु जिला शिकायत समिति का गठन किया गया है। समिति में मुख्य कार्यकारी अधिकारी, जिला परिषद, जिला नोडल अधिकारी, निर्वाचन व्यय अनुवीक्षण एवं एडीएम संयोजक एवं कोषाधिकारी को सदस्य बनाया गया है। यह समिति लोकसभा आम चुनाव 2024 के दौरान नकदी और अन्य वस्तुओं की जब्ती और रिलीज के लिए निर्वाचन आयोग के दिशा निर्देशों के अनुसार कार्यवाही करेगी।

# थाना सदर पुलिस ने अवैध हथकड शराब सहित एक को पकड़ा

**धौलपुर ● खबरों की दुनिया**





रेंज में चलाये जा रहे अवैध शराब के खिलाफ अभियान के तहत थाना सदर धौलपुर पुलिस ने अवैध हथकड शराब के खिलाफ कार्यवाही करते हुये अवैध हथकड 10 लीटर शराब सहित एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया गया है। श्रीमान महानिरीक्षक पुलिस, भरतपुर रेंज भरतपुर राहुल प्रकाश भा.पु.से. द्वारा भरतपुर रेंज में चलाये जा रहे अवैध शराब के खिलाफ थानाधिकारी रामनरेश उ0नि0 के नेतृत्व में थाना सदर धौलपुर पुलिस द्वारा ग्राम रूपसपुर मोड के पास से सुनील पुत्र रामचरन जाति कंजर उम्र 32 साल निवासी आदर्श नगर थाना सदर धौलपुर को गिरफ्तार कर मुलजिम सुनील के कब्जे से 10 लीटर हथकड कच्ची शराब को जब्त की है।

# थाना सदर पुलिस ने अवैध हथकड शराब सहित एक को पकड़ा

**धौलपुर ● खबरों की दुनिया**

रेंज में चलाये जा रहे अवैध शराब के खिलाफ अभियान के तहत थाना सदर धौलपुर पुलिस ने अवैध हथकड शराब के खिलाफ कार्यवाही करते हुये अवैध हथकड 10 लीटर शराब सहित एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया गया है। श्रीमान महानिरीक्षक पुलिस, भरतपुर रेंज भरतपुर राहुल प्रकाश भा.पु.से. द्वारा भरतपुर रेंज में चलाये जा रहे अवैध शराब के खिलाफ थानाधिकारी रामनरेश उ0नि0 के नेतृत्व में थाना सदर धौलपुर पुलिस द्वारा ग्राम रूपसपुर मोड के पास से सुनील पुत्र रामचरन जाति कंजर उम्र 32 साल निवासी आदर्श नगर थाना सदर धौलपुर को गिरफ्तार कर मुलजिम सुनील के कब्जे से 10 लीटर हथकड कच्ची शराब को जब्त की है।

# होली के त्यौहार पर घर आने वाले प्रवासी मतदाताओं से करें मनुहार

**धौलपुर ● खबरों की दुनिया**

जिला निर्वाचन अधिकारी श्रीनिधि बी टी के निर्देशन में स्वीप कार्यवाही बैठक का आयोजन किया गया। जिसमें जिला निर्वाचन अधिकारी द्वारा समस्त जिला स्तरीय अधिकारियों को समस्त विभागों पर कार्यालय स्तर पर वोटर अवेयरनेस फोर्म गठित करने, कार्यालय के समस्त कार्मिकों तथा कार्यालय से संबंधित फील्ड स्तर के कार्मिकों को निर्वाचन विभाग के द्वारा जारी सभी एप्स वीएचए, सक्षम, सी-विजिल, केवाईसी एप तथा हेल्प लाईन नम्बर 1950 की जानकारी देते हुए मतदान देने हेतु प्रेरित किया जाए तथा फील्ड स्तर के कार्मिक इन संदेशों को ग्राम स्तर पर पहुंचाये तथा लोगों को जागरूक करें कि आचार संहिता का कहीं भी उल्लंघन नहीं करे।

यदि किसी भी प्रकार से आचार संहिता का उल्लंघन किया जाता है तो सी-विजिल एप के माध्यम से शिकायत करें। दिव्यांगजन मतदान संबंधित समस्त जानकारी के लिए सक्षम एप का उपयोग करें।

होली के त्यौहार पर आने वाले प्रवासी मतदाता जो विभिन्न कार्या एवं पढ़ाई के कारण घर से बाहर रह रहे है, उनसे अधिक से अधिक सम्पर्क कर मतदान करने की अपील की जाये। बैठक के दौरान जिला नोडल अधिकारी स्वीप सुदर्शन सिंह तौमर द्वारा समस्त नोडल प्रभारी को सभी एप्स वीएचए, सक्षम, सी-विजिल, केवाईसी एप्स तथा हेल्प लाईन नम्बर 1950 एवं 12 वैकल्पिक वोटर आईडी एवं निर्वाचन प्रक्रिया के बारे में विस्तार से जानकारी दी।

इस अवसर पर उप जिला निर्वाचन अधिकारी ब्रह्मलाल जाट, अतिरिक्त मुख्य कार्यकारी अधिकारी शीशराम यादव, जिला समन्वयक स्वीप एवं उपनिदेशक महिला बाल विकास भूपेश गर्ग एवं सभी 21 जिला नोडल अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

# बुधवार को रहेगी विद्युत आपूर्ति बाधित

**धौलपुर ● खबरों की दुनिया**

400 केवी जीएसएस हिंडोर, डीसीसीपीपी धौलपुर एवं 220 के. वी. जी. एस. एस. धौलपुर में आवश्यक रख-रखाव एवं 25 एमवीए, 220 केवी केवी, रिएक्टर के इंस्टॉलेशन का कार्य एवं 132 केवी धौलपुर राजाखेड़ा लाइन के रख-रखाव कार्य किया जा रहा है अधिशाषी अभियन्ता मनोज कुमार शर्मा ने बताया कि रख-रखाव कार्य होने के कारण 220 के.वी. जी.एस.एस. धौलपुर के तहसील क्षेत्र, रीको, दरियापुर एवं समस्त ग्रामीण क्षेत्र की विद्युत आपूर्ति बाधित रहेगी एवं 33 के.वी कलेक्ट्रेट, वॉटर वर्क्स, अस्पताल एवं मेडिकल कॉलेज की विद्युत सप्लाई जारी रहेगी। 132 केवी जीएसएस बाड़ी की तहसील एवं ग्रामीण क्षेत्र, 132 केवी जीएसएस रीको एवं ग्रामीण क्षेत्र, 132 केवी जीएसएस मनियां एवं ग्रामीण क्षेत्र, 132 केवी जीएसएस मरेना एवं ग्रामीण क्षेत्र एवं 132 केवी जीएसएस राजाखेड़ा शहर एवं ग्रामीण क्षेत्र की विद्युत आपूर्ति 20 मार्च बुधवार को सुबह 10 बजे से सायं 5 बजे तक विद्युत आपूर्ति बाधित रहेगी।

# दुष्यंत बघेल बने भाजपा ओबीसी मोर्चा धौलपुर के जिलाध्यक्ष

**धौलपुर ● खबरों की दुनिया**

भारतीय जनता पार्टी प्रदेश अध्यक्ष सीपी जोशी के नेतृत्व में ओबीसी मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष चंपालाल गेदर द्वारा राजस्थान में ओबीसी मोर्चा के ज़िलाध्यक्षों की घोषणा की है जिसमे धौलपुर जिले से दुष्यंत सिंह बघेल उप प्रधान पंचायत समिति सैपऊ को जिला अध्यक्ष बनाया है घोषणा से जिले के भाजपा कार्यकर्ताओं ने खुशी जाहिर की। दुष्यंत बघेल ने कहा कि भाजपा ओबीसी मोर्चा के धौलपुर ज़िला अध्यक्ष पद पर मनोनीत किए जाने पर प्रदेश अध्यक्ष सीपी जोशी और ओबीसी मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष चंपालाल गेदर एवं भाजपा ज़िलाध्यक्ष सतेन्द्र पाराशर का बहुत बहुत धन्यवाद एवं आभार जताया। इस दौरान मुकेश बघेल, नेमी कुशवाह, धीरज गुर्जर, रामसेवक निषाद, मोनू सोनी, जयवीर सिंह आदि ने हर्ष जताया।



# सदर पुलिस ने अवैध चम्बल बजरी से भरे ट्रैक्टर ट्रॉली को किया जप्त

**धौलपुर ● खबरों की दुनिया**





महानिरीक्षक पुलिस, भरतपुर रेंज राहुल प्रकाश द्वारा रेंज में चलाए जा रहे अवैध खनन के खिलाफ अभियान ऑपरेशन अरावली एवं जिला पुलिस अधीक्षक अधीक्षक सुमित मेहरडा द्वारा चलाये जा रहे अभियान के तहत थाना सदर धौलपुर पुलिस द्वारा कार्यवाही करते हुये अवैध चम्बल बजरी से भरे हुये ट्रैक्टर ट्रॉली को जप्त किया गया है। वृताधिकारी, वृत शहर धौलपुर तपेन्द्र मीणा के निकटतम सुपरविजन में मन थानाधिकारी रामनरेश उ0नि0 के नेतृत्व में सोमवार को थाना सदर धौलपुर पुलिस द्वारा ग्राम बरहमोरी के पास से अवैध चम्बल रेता बजरी से भरे हुये ट्रैक्टर ट्रॉली को जप्त किया गया। अज्ञात मुलजिम की तलाश जारी है।

# लगातार जारी है खाद्य पदार्थों के लिए नमूने लेने का कार्य

**धौलपुर।** त्यौहारी सीजन में आमजन को शुद्ध व गुणवत्तापूर्ण खाद्य सामग्री उपलब्ध करवाने हेतु खाद्य सुरक्षा विभाग की टीम द्वारा लगातार खाद्य पदार्थों के नमूने लेने का कार्य कर रही है। जिला कलक्टर श्रीनिधि बी टी के निर्देश पर खाद्य सुरक्षा विभाग की टीम ने कार्यवाही करते हुए रीको औद्योगिक क्षेत्र में ओम शंकर मिल्क फूड प्राइवेट लिमिटेड घी तथा मक्खन के नमूने लिए। नमूने लेकर जांच के लिए प्रयोग शाला भिजवाया गया है। जांच रिपोर्ट प्राप्त होने पर दोषी के विरुद्ध कार्यवाही की जाएगी । आमजन को शुद्ध खाद्य पदार्थों व मिलावट के प्रति जागरूक करने के तथा आमजन को स्वस्थ एवं स्वच्छ खाद्य पदार्थ सेवन के बारे मे जागरूक किया जा रहा है।

# रहल मर्डर काण्ड में फरार चल रहे 10-10 हजार के ईनामी मुलजिमों को किया गिरफ्तार

**धौलपुर ● खबरों की दुनिया**

पुलिस महानिरीक्षक भरतपुर रेंज भरतपुर एवं जिला पुलिस अधीक्षक सुमित कुमार मेहरडा व मनोज कुमार शर्मा द्वारा वांछित अपराधियों एवं पैण्डिगं प्रकरणों में फरार चल रहे अपराधियों की धरपकड हेतु चलाये जा रहे विशेष अभियान के दौरान आनन्द राव वृताधिकारी वृत धौलपुर ग्रामीण सैंपऊ के निकटतम सुपरविजन में शैतान सिह उ0नि0 थानाधिकारी पुलिस थाना कंचनपुर के नेतृत्व में 17.03.24 की रात्रि को मुखबिर की सूचना एवं साइबर तकनीकी सहायता धौलपुर की मदद से कार्यवाही करते हुये पुलिस थाना कंचनपुर में घटना से फरार चल रहे 10-10 हजार के इनामी मुलजिम लवकुश उर्फ कल्ली पुत्र केदार सिह जाति गुर्जर उम्र 24 साल एवं जीतू उर्फ जीतेन्द्र पुत्र सोनेराम जाति गुर्जर उम्र 24 साल निवासीगण रहल थाना कंचनपुर जिला धौलपुर को पुलिस टीम द्वारा रिंग रोड अतराज का पुरा से दस्तयाब कर गिरफ्तार किया गया है।



खबरों की दुनिया

एक नजर

# एएसपी हिंगड़ का किया सम्मान



खबरों की दुनिया

**रावतभाटा।** शहर के अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक भगवत सिंह हिंगड़ का सोमवार को चारभुजा झालर बावड़ी रामलीला कमेटी के पदाधिकारी ने सम्मान किया। पुरुषोत्तम व्यास ने बताया कि भाजपा एवं रामलीला कमेटी पदाधिकारी ने भगवत सिंह हिंगड़ को पुष्पगुच्छ देकर माला पहनाकर सम्मान किया। इस अवसर पर कैलाश जांगिड़ मधुसूदन गुप्ता, कैलाश महेश्वरी के के दुबे, राधेश्याम वर्मा, मंगल क्षृंगी मौजूद रहे।

# इकाई -3 एवं 4 को राष्ट्रीय सुरक्षा परिषद ने रजत पदक से किया सम्मानित

खबरों की दुनिया

**रावतभाटा।** राजस्थान परमाणु बिजली घर की ईकाई 3 एव 4 को राष्ट्रीय सुरक्षा परिषद की श्रेष्ठ सुरक्षा पुरस्कार की रजत ट्राफी से सम्मानित किया। यह पुरस्कार प्रतिवर्ष राष्ट्रीय सुरक्षा परिषद द्वारा संरक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट मापदंडों के अनुसार कार्य करने वाले संस्थानों को दिए जाते हैं। वर्ष 2023 में राजस्थान अटॉमिक पावर स्टेशन 3 व 4 द्वारा संरक्षा के क्षेत्र में किए गए उत्तम कार्यों के मुल्यान्कान के बाद राष्ट्रीय सुरक्षा परिषद द्वारा श्रेष्ठ सुरक्षा पुरस्कार की रजत ट्राफी ईकाई 3 व 4 को प्रदान की गई।

हैदराबाद के मेरिएट होटल में आयोजित भव्य समारोह में यह पुरस्कार एवं प्रशस्ति पत्र राष्ट्रीय सुरक्षा परिषद के निदेशक द्वारा प्रदान किया। इकाई की तरफ से केंद्र निदेशक डी सुब्बाराव, प्रमुख औद्योगिक संरक्षा एमसी गुप्ता एवं भारतीय मजदूर संघ के प्रतिनिधि बद्रीलाल हाडा द्वारा प्राप्त किया। इस अवसर पर केंद्र निदेशक ने संबोधित करते हुए कहा कि यह पुरस्कार/सम्मान ईकाई में कार्य कर रहे सभी कर्मचारियों की मेहनत एवं संरक्षा के प्रति जिम्मेदारी का परिणाम है। भविष्य में भी ईकाई सुरक्षा के मापदंडो को सर्वोपरि रखते हुए प्रचालन के नए कीर्तिमान स्थापित करेगी।




# रॉयल क्षत्राणी ग्रुप ने मनाया होली मिलन समारोह



खबरों की दुनिया

**रावतभाटा।** रॉयल श्रत्राणी ग्रुप रावतभाटा द्वारा सोमवार को होली स्नेह मिलन समारोह फाग उत्सव हर्ष उल्लास के साथ धूमधाम से मनाया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि पालिका अध्यक्ष मधु कंवर हाडा रही। सभी क्षत्राणियों ने पालिका अध्यक्ष का शाल व माला पहनाकर सम्मान किया। अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा ट्रस्ट ने राजकुमारी चौहान को तहसील अध्यक्ष नियुक्त करने पर सम्मान किया। कार्यक्रम में विभिन्न प्रतियोगिताएं आयोजित हुई। प्रतियोगिता में विजेता मंजू कंवर मधु कंवर श्वेता कंवर सुमित्रा कवर अनु कंवर विजेता रही। कार्यक्रम में अध्यक्ष राजकुमारी ने सभी का आभार जताया।

समारोह में महासचिव लक्ष्मी कंवर कोषाध्यक्ष संध्या कंवर वर्षा कंवर गजेंद्र कंवर, मीनू कंवर निर्मल कंवर श्वेता कंवर शिव कंवर उमा चौहान राम कंवर बसंत कंवर कल्पना कंवर रागिनी कंवर भंवर कंवर सुमित्रा कंवर मंजू सांखला किरण कंवर पूर्णिमा कंवर सुमित्रा कंवर अनु कंवर पुष्पा कंवर मधु कंवर सहित महिलाए मौजूद रही।

# पंजाबी समाज ने किया सम्मान



खबरों की दुनिया

**रावतभाटा।** पंजाबी समाज ने एडिशनल एस पी भागवत सिंह हिंगड का स्वागत सोमवार को किया। समाज अध्यक्ष बालकिशन गुलाटी ने बताया कि पूर्व में रावतभाटा थाना अधिकारी रह चुके भागवत सिंह हिंगड़ के ऑफिस पहुंचकर स्वागत किया। इस अवसर पर जगदीश छाबड़ा मोजी मलिक अशोक वधवा ने मुंह मीठा करवाकर गुलदस्ते भेंट कर साफा पहनाया। इस मौके पर सुरेश छाबड़ा मनोज मलिक पंडित गुलशन शर्मा तिलकराज नंदवानी दिनेश छाबड़ा कमल अरोड़ा हरीश वधवा मनोज मानिक श्यामसुंदर गुलाटी सिद्धार्थ वधवा संजय छाबड़ा चंदन वधवा रोहन नंदवानी चंदर मलिक हनी छाबड़ा चंद्र प्रकाश तरुण छाबड़ा मालिक देव मालिक सहित लोग मौजूद रहे।

# आदर्श आचार संहिता लागू करने को लेकर बैठक संपन्न

## –उपखंड कार्यालय में आयोजित हुई बैठक, पार्टियो के प्रतिनिधि रहे मौजूद

खबरों की दुनिया



**रावतभाटा।** लोकसभा आम चुनाव को लेकर आचार संहिता लागू होने के साथ ही जिले में धारा 144 यानी निषेधाज्ञा भी लागू हो गई हैं। लाइसेंस धारियों के हथियार तय तिथि तक संबंधित थानों में जमा होंगे। जिला निर्वाचन अधिकारी जिला कलक्टर चित्तौड़गढ़ आलोक रंजन के दिशा निर्देशानुसार उपखंड अधिकारी महेश गोगरीया द्वारा उपखंड कार्यालय पर प्रशासनिक और राजनीतिक दलों की बैठक आयोजित की गई। जिसमें चुनाव के समय आदर्श आचार संहिता के मद्देनजर अंतराज्यीय बॉर्डर पर बैरिकेडिंग कर नाकाबंदी करना, कानून व्यवस्था को सुचारू रूप से लागू कर अवैध गतिविधियों पर रोक लगाना, एफएसटी टीम का गठन कर सभी बॉर्डर क्षेत्र की निगरानी अप्रिय घटना होने पर अपराध की रोकथाम के लिए 1950 नम्बर जारी कर प्रदेश और जिला स्तरीय कंट्रोल रूम का गठन किया गया।

राजनीतिक दलों और प्रशासनिक अधिकारियों द्वारा अपने विचार व्यक्त किए। इस मौके पर उपखंड अधिकारी महेश गोगरीया ने बताया गया कि आगामी लोकसभा चुनाव में अधिक से अधिक संख्या मे स्वच्छ और भय मुक्त वातावरण में मतदान करें अवैध गतिविधि की जानकारी कंट्रोल रूम को देना जिससे अपराध पर अंकुश लगाया जा सके।

**कंट्रोल रूम के लिए जारी किए गए नंबर :** प्रदेश स्तरीय कंट्रोल रूम के लिए शिकायत 1950 नंबर और जिला स्तरीय नंबर के अंतर्गत रावतभाटा उपखंड कार्यालय के लिए 01475234035 नंबर जारी किए गए। जिन पर किसी भी व्यक्ति द्वारा अपनी शिकायत दर्ज कराई जा सकती है। जिस पर पुलिस और प्रशासन 100 मिनट में शिकायत की पुष्टि कर समाधान निकाला जाएगा।

**की भांति सी विजील एप की सुविधा :** पूर्व सरकार द्वारा जारी निर्देशों के अंतर्गत सी विजील एप की सुविधा लागू की गई है जिस पर व्यक्ति द्वारा अपने मोबाइल के माध्यम से सी विजील एप डाउनलोड करके अपनी शिकायत को दर्ज करा सकते है।

**अंतर्राज्यीय बॉर्डर पर तैनात होंगे सुरक्षाकर्मी :** राजस्थान और मध्य प्रदेश बॉर्डर क्षेत्र में उपखंड स्तर पर टोलो का लुहारिया, बरखेड़ा और टाकरदा पर चेक पोस्ट बना कर 24 घंटे 7 दिन सुरक्षा कर्मियों की तैनाती और साथ ही एफएसटी टीमें भी निरंतर सुरक्षा की निगरानी में क्षेत्र में भ्रमण करेंगे।

**बैठक में रहे मौजूद :** आगामी लोकसभा चुनाव के अंतर्गत बैठक में उपखंड अधिकारी महेश गोगरीया अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक भगवत सिंह हिंगड़ थानाधिकारी रायसल सिंह नगर पालिका अधिशासी अधिकारी महेश नागर पूर्व प्रधान राधेश्याम गुप्ता भाजपा नगर अध्यक्ष राजेंद्र कुमार दशोरा प्रधान प्रतिनिधि कुशाल बारेशा कांग्रेस नगर अध्यक्ष सुरेश रोहलन पारस गुर्जर तेजराज सिंह अभिषेक जैन जिला परिषद सदस्य अमर सिंह हाडा सहित राजनीतिक संगठनों के पदाधिकारी मौजूद रहे।

# सेवा भारती मातृशक्ति का फागुन उत्सव 22 मार्च को

खबरों की दुनिया

**रावतभाटा।** सेवा भारती की तहसील मंत्री आकांक्षा सोनी एवं शिक्षा प्रमुख सीमा व्यास ने बताया कि सेवा भारती द्वारा संचालित सवलम्बन आयाम के केन्द्रो पर विगत वर्षों में प्रशिक्षित हो चुकी महिलाओ का मिलन समोरह फागुन उत्सव कार्यक्रम 22 मार्च शुक्रवार को शाम 4 बजे प्राचीन शिव मंदिर आर.पी.एस.पर आयोजित होगा जिसमें प्रिशिक्षित महिलाओ को आत्मनिर्भर बनने हेतु विशाल मिलन महोत्सव एवं फागुन उत्सव कार्यक्रम धूमधाम से मनाया जाएगा। कार्यक्रम में सेवा भारती ब्यूटी पार्लर की महिलाओ का प्रशिक्षण पूर्ण होने पर प्रमाणपत्र वितरण किया जाएगा। कार्यक्रम को भव्य बनाने एवं सुंदर झाँकी व्यवस्था टीना कंवर अंजू कंवर रेणु त्यागी किरण चौहान भावना जयसवाल नीलम सेन निकिता नायक माया मेघवाल निर्मला मेघवाल मीना टेलर वंदना शाक्यवाल पायल कहार मनीषा मेघवाल प्रियंका जांगिड़ प्रकल्प शिक्षिकाओं को बस्ती अनुसार दायित्व प्रदान किया गया।

# राधा रानी ग्रुप ने हरलाल का कोठी में मनाया फागोत्सव



खबरों की दुनिया

**नवलगढ़।** राधा- रानी ग्रुप की ओर से हरलाल का की कोठी में रविवार को फागोत्सव कार्यक्रम आयोजित किया गया इस कार्यक्रम में बड़ी संख्या में महिलाओं ने भाग लिया। महिलाओं ने कान्हा केशव संग जमकर फूलों की होली खेली। कार्यक्रम में महिलाओं ने भजनों पर एक से बढ़कर एक नृत्य प्रस्तुति दी। कार्यक्रम में वृंदावन जैसा माहौल नजर आया। वही फागोत्सव में कृष्ण और राधा रूप की सुंदर झांकी ने सभी का मन मोह लिया। इस दौरान भजन गायक सतीश सोनी, विशाल पंडित, दिनेश शर्मा, पंडित भारत शर्मा सहित अन्य कलाकारों द्वारा शानदार भजनों की प्रस्तुति दी। कार्यक्रम के अंत में महाआरती हुई, इसके बाद प्रसाद वितरण किया गया। इस मौके पर ग्रुप की सदस्य भगवती मोयल, मधु कच्छावा, बबीता सोनी, नीतू जांगिड़, रेखा शर्मा, शारदा पारीक, संतोष तिवाड़ी, पूजा जांगिड़, कविता सोनी, माया सोनी, माया जांगिड़, मीनू जांगिड़, व ममता सोनी ने महिलाओं का स्वागत किया। इस मौके पर मंजूला रूंथला, धर्मेंद्र पारीक, राकेश टेलर, संजय जांगिड़, दीपक तिवाड़ी, पवन कच्छावा, सुरेंद्र शास्त्री, कृष्ण बिहारी, पुजारी विश्वनाथ, देवेंद्र वर्मा, राजेश सोनी, नरेश पारीक, शिवम सैन आदि मौजूद थे।

# उपखंड अधिकारी कार्यालय पर राशन डीलरों को आई स्कैनिंग मशीनों का किया वितरण



खबरों की दुनिया

**भुसावर।** कस्बा भुसावर के उपखण्ड अधिकारी कार्यालय परिसर पर उपखण्ड के राशन डीलरों को आई स्कैनर मशीनों का वितरण किया गया। अधिकारी अर्पित अग्र यज्ञवाल ने जानकारी देते हुए बताया कि आये दिन राशन लेने वाले उपभोक्ताओं को वायोमैट्रिक स्कैन नही होने पर राशन लेने में हो रही परेशानियों को देखते हुए आई स्कैन मशीनें राशन डीलरों को उपलब्ध करवायी हैं। जिससे ऐसे उपभोक्ताओं के आंखों की पुतली को स्कैन कर राशन सामग्री उपलब्ध करवायी जा सकेगी। उक्त आई स्कैन मशीनों का उपखण्ड अधिकारी कार्यालय परिसर में राशन डीलरों को वितरण किया गया और सभी राशन डीलरों को इसे लेकर जानकारी प्रदान की गई।

# कांग्रेस प्रत्याशी संजना जाटव के समर्थन में कांग्रेस कमेटी की मीटिंग का हुआ आयोजन

## –लोकतंत्र को बचाने के लिए कांग्रेस को लाना बहुत जरूरी : देशराज पहाड़िया प्रदेश सचिव

खबरों की दुनिया



**भुसावर।** लोकसभा चुनाव 2024 को लेकर आगामी 19 अप्रैल को भरतपुर में होने जा रहे लोकसभा चुनावों के लिए कांग्रेस द्वारा घोषित की गई प्रत्याशी संजना जाटव कस्बा भुसावर पहुंची। जहां उन्होंने कस्बा के निजी फार्म पर आयोजित वैर विधानसभा कांग्रेस कार्यकर्ताओं की बैठक में भाग लिया। उक्त बैठक के मुख्य अतिथि जिला कांग्रेस अध्यक्ष दिनेश सूपा रहे। बैठक में पहुंचे पीसीसी सचिव देशराज पहाड़िया ने भाजपा पर जमकर हमला बोला और कहा कि भाजपा ने पूरे देश को बेच दिया सरकारी मशीनरी का दुरूपयोग हो रहा है। ईडी व सीबीआई से डराया जा रहा है। देश का लोकतंत्र खतरे में है देश को बचाने के लिए कांग्रेस को लाना जरूरी है।कठूमर एवं भरतपुर जिले की विधानसभाओं से आए पदाधिकारियों और प्रत्याशी का माला साफा पहनाकर स्वागत किया। जहां वक्ताओं ने अपने अपने विचार व्यक्त कर एकजुट होने का संदेश दिया। वहीं वक्ताओं ने भुसावर की बेटी संजना को भारी बहुमत से जिताने की बात कही इस दौरान जनप्रतिनिधियों ने अपने अपने क्षेत्र से अधिक से अधिक वोट दिलवाने का आश्वाशन दिया। विधानसभा चुनाव 2023 में वैर विधानसभा से हुई कांग्रेस की हार में रही खामियों को दूर करने को लेकर भी सभी ने अपील की। प्रत्याशी संजना जाटव ने कहा कि कार्यकर्ता पार्टी की रीढ़ है जिन्हे साथ लेकर चलूंगी और लोकसभा से चुनाव जीतेंगे। इस दौरान जिला अध्यक्ष दिनेश सुपा ने भी बीजेपी सहित सांसद रंजीता कोली पर जमकर निशाना साधा। भुसावर की बेटी संजना जाटव को लोगों द्वारा फलों से तोला और आशीर्वाद दिया।

# अवैध शराब के विरुद्ध थाना पुलिस ने कार्रवाई करते हुए एक व्यक्ति को किया गिरफ्तार

## –60 देशी पव्वे किये जब्त

खबरों की दुनिया

**भुसावर।** पुलिस महानिदेशक राजस्थान द्वारा चलाए जा रहे सौ दिवसीय विशेष अभियान के तहत रेंज आईजी राहुल प्रकाश व जिला पुलिस अधीक्षक मृदुल कच्छावा के निर्देशन में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक वैर तथा सीओ धर्मेंद्र शर्मा के निकट सुपरविजन में थाना प्रभारी सुनील गुप्ता के नेतृत्व में अवैध शराब बेचने वालों पर कार्यवाही करते हुए एक व्यक्ति को गिरफतार किया है। थाना प्रभारी सुनील गुप्ता ने जानकारी देते हुए बताया कि मुखबिर से सूचना मिली सूचना मिलते ही कपूर चंद्र सहायक पुलिस उपनिरीक्षक के नेतृत्व में एक टीम का गठन किया गया। ग्राम गोगेरा निवासी शिवकुमार पुत्र महेश उम्र 27 वर्ष जाति राजपूत थाना भुसावर को अवैध 60 देशी पव्वा के साथ गिरफ्तार किया। जिसके विरुद्ध आबकारी एक्ट 19/54 मुकदमा नंबर 137/2024 में पंजीबद्ध किया गया। गठित टीम में कपूर चन्द्र सा.उप.नि. संजय का. नि. 798 लखन का.नि. 1701 की महत्वपूर्ण भूमिका रही।



# मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा से जगदीश बौराज की शिष्टाचार मुलाकात

## –पूर्व जिला परिषद सदस्य बौराज ने बताई क्षेत्र की समस्या

खबरों की दुनिया

**भुसावर।** पूर्व जिला परिषद सदस्य जगदीश मीणा बौराज ने राजस्थान के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा से जयपुर में शिष्टाचार मुलाकात कर क्षेत्र की समस्याओं से अवगत कराया और ईस्टर्न राजस्थान कैनाल प्रोजेक्ट की स्वीकृति व विधानसभा चुनावी वायदे पूरे किए जाने पर उन्हे बधाईयां दी।

साथ ही मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा एवं पूर्व जिला परिषद सदस्य जगदीश मीणा बौराज के मध्य वैर-भुसावर उपखण्ड सहित भरतपुर-डीग जिले का विकास वास्ते लम्बी वार्ता हुई। पूर्व जिला परिषद सदस्य जगदीश मीणा बौराज ने बताया कि भुसावर,वैर एवं महवा उपखण्ड क्षेत्र के भाजपा कार्यकर्ता एवं गणमान्य नागरिकों का प्रतिनिधी मण्डल जयपुर मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा से मिलने गया,जहां पहले होली की राम-राम हुई और उसके बाद भरतपुर,डीग एवं दौसा जिले की समस्याओं पर विस्तार से चर्चा की और मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने बताया कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की गारन्टी साकार हो रही है और राजस्थान प्रान्त में विकास की गंगा बह रही है। साथ डीजल-पैट्रोल के भाव कम किए गए। अब राज्य के सभी जिलों में बिना भेदभाव के विकास कार्य होंगे। बेरोजगारों को रोजगार मिलेगा, किसान,मजदूर व व्यापारी खुशहाल होंगे। उन्होने बताया कि पेपर लीक प्रकरण के सभी दोषियों को सजा मिलेगी। एसआई पेपर प्रकरण में कई जने पकडे गए और शेष जल्द पकडे जाऐंगे।



# कृषि महाविद्यालय पर स्वयं सेवक को योग अभ्यास का दिया प्रशिक्षण




खबरों की दुनिया

**भुसावर।** कस्बा भुसावर के कृषि महाविद्यालय में चल रहे सात दिवसीय एनएसएस के विशेष शिविर के तहत स्वयं सेवकों को योगाभ्यास करवाया गया। डीन उदयभान सिंह ने जानकारी देते हुए बताया कि योग प्रशिक्षक अशोक शर्मा द्वारा बच्चों को योगाभ्यास करवाया गया। जहां उन्होने बताया कि अपनी दिनचर्या में योग अपनाकर शारीरिक व मानसिक रूप से हम स्वस्थ्य रह सकते हैं। इस दौरान विभिन्न प्रकार के योगों के बारे में विस्तार से जानकारी प्रदान की गई। वहीं डॉ0 राहुल कुमार ने जल संरक्षण का महत्व बताया तो सहायक निदेशक कृषि सुरेश गुप्ता ने कृषि विभाग की योजनाओं की जानकारी प्रदान की। कृषि अधिकारी मुनीम सिंह द्वारा कृषि में कैरियर की सम्भावनाओं के बारे में व्याख्यान दिया।

## खबरों की दुनिया
### एक नजर

## बजरी से भरे 8 ट्रैक्टर ट्रॉली जब्त



खबरों की दुनिया

**निवाई।** बरोनी थाना पुलिस ने अवैध खनन व परिवहन पर छापामार कार्रवाई करते हुए अवैध बजरी से भरे हुए 8 ट्रैक्टर-ट्रॉली जब्त किए है। थाना प्रभारी ओमप्रकाश चौधरी ने बताया कि अलग-अलग पुलिस टीमों ने अवैध बजरी से भरे 8 ट्रैक्टर ट्रॉली जब्त किए है। उन्होंने बताया कि गांव जेबडय़िा से 5 और बहड़ से 3 अवैध बजरी से भरे ट्रैक्टर-ट्रॉलियों को जब्त किया गया है। सभी वाहनों को पुलिस थाना परिसर में खडा करवाया गया है।

## जमीनी विवाद को लेकर किया जानलेवा हमला, एक की मौत

खबरों की दुनिया



**निवाई।** गांव डांगरथल में जमीनी विवाद को लेकर कुछ लोगों ने एक जने पर जानलेवा हमला कर दिया जिससे उसकी मौत हो गई। पुलिस ने बताया कि गांव डांगरथल में हमले के आरोपी जगदीशनारायण शर्मा, सीताराम, हनुमान, पप्पू निवासी डांगरथल हाल निवासी जयपुर ने हमला करने की साजिश करके अन्य लोगों के साथ मिलकर शनिवार को जयपुर से जीप में सवार होकर डांगरथल पहुंचे और रामअवतार शर्मा निवासी डांगरथल पर जानलेवा हमला कर दिया। जिससे वह गम्भीररूप से घायल हो गया। परिजनों ने घायल को राजकीय सामुदायिक अस्पताल निवाई में भर्ती करवाया और पुलिस को सूचना दी। सूचना मिलने पर पुलिस अस्पताल पहुंची और परिवारजनों से घटना की जानकारी ली। चिकित्सकों ने घायल रामअवतार शर्मा को प्राथमिक उपचार करके चिंताजनक स्थिति में टोंक सआदत अस्पताल के लिए रेफर कर दिया। टोंक में चिकित्सकों ने भी घायल की चिंताजनक स्थिति होने पर जयपुर रैफर कर दिया। उपचार के दौरान रामअवतार शर्मा की जयपुर में मौत हो गई। पुलिस ने मामला दर्ज करके जांच प्रारम्भ कर दी है। हमले में बीच-बचाव करने के दौरान हमलावरों ने शिवजीलाल शर्मा व प्रिया शर्मा पर भी हमला कर दिया। जिससे उन दोनो के भी चोटें आई हैं।

### चाकू से हमला करके युवक को किया घायल

**टोंक।** शहर कोतवाली थाना क्षैत्र में कुछ युवकों के एकराय होकर रास्ते से जा रहे एक युवक पर चाकू से हमला कर घायल कर दिया। कोतवाली पुलिस आरोपियों की तलाश कर रही है। मिली जानकारी के अनुसार रविवार की देर शाम गड्डा पहाडिय़ा निवासी नाजिश पुत्र सलीम (19) अपने घर जा रहा था कि रास्ते में एक राय होकर कुछ्के युवकों ने हमला बोल दिया। इसके बाद दोनों पक्षों में पत्थर बाजी भी हुई। घायल का सआदत अस्पताल में भर्ती कराया गया।

# बाल विवाह में शामिल होने पर होगी सजा

खबरों की दुनिया




**टोंक।** बाल विवाहों की रोकथाम के लिए जिला प्रशासन, बाल अधिकारिता एवं सिकोइडिकोन के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित बैठक सोमवार को कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित हुई। बैठक में सहायक निदेशक बाल अधिकारिता विभाग नवल खान ने बताया कि अक्षय तृतीया, पीपल पूर्णिमा, बडल्या नवमी, देव उठनी, एकादशी, के अवसर पर अबूझ सावा होने के कारण बाल विवाह होने की संभावना अधिक रहती है जिसकी रोकथाम के लिए बाल विवाह प्रतिषेध अधिकारियों व विभिन्न हितधारको के साथ चर्चा हुई। जिसमें सभी ने अपने सुझाव रखे।

बाल विवाह प्रतिषेध अधिनियम 2006 के प्रावधानो पर चर्चा करते हुए बाल विवाह प्रतिषेध अधिकारियों एवं विभिन्न हितधारको को उनकी जिम्मेदारी से अवगत कराया गया। सहायक निदेशक ने बताया कि बाल विवाह अधिनियम मे बाल विवाह कराने वाले बालक के संरक्षक, विवाह मे सहयोग करने वाले बिचोलिया, पंडित, टेंट हाउस, बैंड बाजा, प्रिटिंग प्रेस, सभी को सजा का प्रावधान है।

बैठक में बाल विवाह की रोकथाम के लिए विषेष ग्राम सभाओ का आयोजन कराने के लिए निर्देशित किया तथा प्रिंटिंग प्रेस,मैरिज गार्डन,टैन्ट व पण्डित और काजी को वर-वधू के आयु संबंधित दस्तावेज लेने पर ही सेवाएँ देने के लिए जोर दिया। शादी के कार्ड पर वर वधू की जन्म तिथि आवश्यक रूप से अंकित करने, ऐसे क्षेत्रो व समाजो को चिन्हिकरण करने के लिए कहा।

बैठक में जागरूकता के लिए सिकोईडिकोईन के माध्यम से जागरूकता रथ को अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक व उपखण्ड अधिकारी ने हरी झण्डी दिखकार रवाना किया। बैठक मे अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक गीता चौधरी, उपखंड अधिकारी राहुल सैनी, उपनिदेषक सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग धर्मराज प्रतिहार, बाल कल्याण समिति अध्यक्ष हेमराज चौधरी व सदस्य संदीप कांटिया, मुख्य चिकित्सा एवं स्वा.अधिकारी डॉ. अशोक यादव, श्याम सुन्दर चौहान श्रम निरीक्षक, धार्मिक प्रतिनिधि पण्डित पवन सागर, प्रभारी मानव तस्करी विरोधी यूनिट बृजमोहन देवराज, सिकोई डिकोन स्वयंसेवी संस्थान से पी.एम. पॉल, आलोक व्यास, व देवेन्द्र जांगिड़, बाल विकास परियोजना अधिकारी किरण मीणा, शिव शिक्षा समिति के प्रतिनिधि सीताराम शर्मा, पूनम जोनवाल चाईल्ड लाईन प्रभारी कमलेश सैनी, संरक्षण अधिकारी रामसहाय पारीक, आदि उपस्थिति थे।

### वार्षिक मेले की तैयारियों को लेकर बैठक


खबरों की दुनिया

**पीपलू।** पीपलू के गांव समेलिया के द्वारकाधीश मंदिर परिसर में फागोत्सव के अवसर पर आयोजित होने वाले मेले को लेकर मंदिर परिसर में मेला समिति की बैठक आयोजित हुई। मन्दिर सेवा पुजा करने वाले पंडित विष्णु शर्मा ने बताया कि बैठक में सर्वसम्मति से मंदिर की विशेष सजावट के लिए लाइटिंग करने, भजन संध्या के लिए गायक कलाकारों का चयन करने, मेले में लगने वाली मिठाई व खिलौने की दुकानों को समुचित व्यवस्था के साथ लगाने, छाया व पानी की व्यवस्था, घोड़ा दौड़, ऊंट दौड़ प्रतियोगिता आयोजित करने आदि के निर्णय लेकर कार्यकर्ताओं को जिम्मेदारियां सौंपी गई।

## दिन दहाडे मंडी परिसर से ट्रैक्टर-ट्रॉली चोरी
## आक्रोशित किसानों ने मंडी गेटों पर लगाया ताला

### एक लाख से अधिक सरसों के कट्टे बिकने के लिए आए

खबरों की दुनिया





**निवाई।** कृषि उपज मंडी परिसर से एक ट्रैक्टर-ट्रॉली चोरी हो जाने से आक्रोशित किसानों ने कृषि मंडी के दोनों गेटों पर ताला लगाकर प्रदर्शन किया। सूचना मिलने पर पुलिस एवं मंडी प्रशासन मौके पहुंचे और किसानों को समझाने का प्रयास किया लेकिन किसान ट्रैक्टर-ट्रॉली को बरामद करने की मांग पर अड गए। जानकारी के अनुसार सोमवार को प्रेमराज पुत्र प्रभुलाल निवासी देवपुरा तहसील बौंली ट्रैक्टर-ट्रॉली में सरसों के कट्टे भरकर कृषि मंडी में आया था।

वह माल को आढतिया की दुकान पर खाली करके मंडी परिसर में स्थित किसान कलेवा के बाहर खडा कर दिया। शाम को माल बेचने के बाद पीडित किसान ट्रैक्टर-ट्रॉली को लेने गया तो ट्रैक्टर-ट्रॉली गायब मिली। जिस पर किसान ने मंडी में आस-पास तलाश की। ट्रैक्टर-ट्रॉली का पता नहीं चलने पर उसने अन्य किसानों को चोरी की जानकारी दी। जिससे आक्रोशित किसानों ने मंडी के गेट पर ताला लगाकर करीब डेढ घंटे विरोध प्रदर्शन किया। जिससे मंडी के अन्दर व बाहर झिलाय रोड पर जाम लग गया।

जाम की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और किसानों से समझाईश की लेकिन किसान ट्रैक्टर-ट्रॉली को बरामद करने की मांग पर अड गए। समझाईश के दौरान करीब दो घंटे बाद गेट का ताला खोल दिया। पुलिस ट्रैक्टर-ट्रॉली की तलाश शुरू कर दी है। इधर मंडी में सोमवार को करीब एक लाख से अधिक सरसों के कट्टे बिक्री के लिए आए जिससे मंडी परिसर एवं मुख्य सडक मार्ग पर जाम की स्थिति बन गई। व्यापारी टोनू शिवाड ने बताया कि सोमवार को मंडी में आई हुई सरसों 4800 से 5000 रूपए तक बिकी।

## मतदान करना हमारा अधिकार हैः डॉ. सीताराम स्वामी
### दिव्यांग मतदाता जागरूकता रैली निकालकर किया जागरूक




खबरों की दुनिया

**निवाई।** जिला निर्वाचन अधिकारी टोंक के निर्देशानुसार दिव्यांग मतदाताओं को जागरूक करने हेतु स्वीप कार्यक्रम के तहत ट्राई साइकिल रैली का सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग योगेश विशेष विद्यालय एवं योगेश शैक्षिक पुनर्वास एवं शोध संस्थान निवाई के संयुक्त तत्वावधान में आयोजन किया गया। दिव्यांग मतदाता जागरूकता ट्राई साईकिल रैली को तुलसीराम प्रजापत कनिष्ठ सहायक सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग निवाई एवं संस्था सचिव डॉ. सीताराम स्वामी ने हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया। ट्राई साइकिल रैली में विद्यालय के बालक-बालिकाओं सहित राजस्थान विकलांग मंच के सदस्य, योगेश विशेष शिक्षक प्रशिक्षण केंद्र निवाई के सभी छात्र-छात्राओं ने उत्साह पूर्वक भाग लिया।

सभी ने हाथों में मतदान जागरूकता हेतु नारे लिखे हुए तख्तियां एवं बेनर लेकर नारे लगाते हुए मतदाताओं को जागरुक करते हुए चल रहे थे। रैली संस्था प्राँगण से रवाना होकर इंदिरा कॉलोनी, श्याम मंदिर, न्यू इंदिरा कॉलोनी होते हुए विद्यालय प्रांगण पहुंची जहां संस्था सचिव ने संबोधन करते हुए कहा कि सभी दिव्याग मतदाताओं को शत- प्रतिशत मतदान कर लोकतंत्र को सशक्त बनाने में अपना महत्वपूर्ण योगदान देना है। मतदान करना हमारा अधिकार है जिसका सोच समझकर उपयोग करना है और भारत के लोकतंत्र को मजबूत बनाना है अंत में सभी ने बिना किसी लोग लालच के समय पर मतदान करने की शपथ ली। ईस अवसर पर भैरूलाल सेन, मनोजकुमार स्वामी, अरविंद कुमार टेलर, हेमंत कुमार, जेपी गुप्ता, श्योपाल गुर्जर, हिमांशु सिंह, शेरखान, अशोक पटेल, सरिता शर्मा, मेनका स्वामी, सुरेश सेन, सियाराम प्रजापत व राकेश स्वामी सहित कई सदस्य मौजूद थे।

## श्री दिगंबर जैन खंडेलवाल सरावगी समाज के रमेश छाबड़ा पुनः अध्यक्ष चुने गए

खबरों की दुनिया

**टोंक।** श्री दिगंबर जैन खंडेलवाल सरावगी समाज टोंक की बैठक श्री चंद्र प्रभु दिगंबर जैन नसियां तेरापंथियान चतुर्भुज तालाब के पास पुरानी टोंक में आयोजित की गई । समाज के प्रवक्ता राजेश अरिहंत ने बताया कि बैठक में सर्व सम्मति से रमेश छाबड़ा को पुनः अध्यक्ष चुना गया। ज्ञात रहे है कि रमेश छाबड़ा विगत दो वर्ष से अध्यक्ष पद पर बने हुए है । अध्यक्ष बनने पर सुरेंद्र जैन एडवोकेट, ताराचंद जैन, सूरजमल सोनी, धनराज सोनी, पदम चौधरी, पदम गोधा, रमेश चाचा, प्रदीप सोनी, देवराज काला, अशोक छाबड़ा, सतीश चौधरी, विनोद भोसा, पदम कासलीवाल, मनोज सोनी, वीरेंद्र जैन आदि ने माला पहनाकर स्वागत किया । चुनाव अधिकारी नरेश चौधरी, राजेश अरिहंत, सभाध्यक्ष रमेश काला, चुनाव पर्यवेक्षक विक्रम जैन, एडवोकेट अशोक जैन वेद्य के सानिध्य में चुनाव प्रक्रिया संपन्न हुई। नव-निर्वाचित अध्यक्ष रमेश छाबड़ा को शपथ ग्रहण कराई गई । रमेश छाबड़ा ने सभी समाजजनों का आभार व्यक्त करके धन्यवाद दिया । इधर सोमवार को श्री चंद्र प्रभु दिगंबर जैन मंदिर माणक चौक पुरानी टोंक में प्रातः भगवान चंद्र प्रभु का अभिषेक एवं रिद्धि मंत्रों के उच्चारण के साथ वृहद शांति धारा की गई, तत्पश्चात नित्य नियम, नव देवता, 24 तीर्थंकर, महावीर स्वामी, चंद्र प्रभु भगवान की पूजा कर श्री जी को अर्ध्य एवं श्रीफल समर्पित किए गए । जिस दौरान देवराज काला, चेतन बिलासपुरिया, पारस सोनी, मनीष, अशोक, कमल एवं शेखर आदि मौजूद थे।



# पारीक समाज की जिला बैठक सम्पन्न, सामाजिक कुरीतियो को छोड़ने का आव्हान

खबरों की दुनिया



**टोंक।** पारीक सेवा समिति टोंक की जिला स्तरीय बैठक शिव शंकर पारीक की अध्यक्षता में आयोजित की गई। पारीक सेवा समिति टोंक के जिलाध्यक्ष विष्णु पारीक व महामंत्री ओम प्रकाश लहन ने सभी तहसीलों के तहसील अध्यक्ष व पदाधिकारीगणों का माल्यार्पण करके स्वागत किया। बैठक में पारीक सेवा समिति के जिलाध्यक्ष विष्णु पारीक ने समाज में व्याप्त कुरीतियों की ओर सभी का ध्यान दिलाते हुए मृत्यु उपरांत होने वाले अनावश्यक रीति-रिवाज लेन देन पहरावनिया आदि को समाप्त किए जाने पर बल दिया। पारीक सेवा समिति के महामंत्री ओम प्रकाश लहन ने समाज में व्याप्त कुरीतियों को जड़ से समाप्त करने का आव्हान करते हुए कहा कि आज समाज को आगे बढ़ाना है तो इन रीति रिवाज को छोड़ना ही पड़ेगा। उन्होंने मृत्यु भोज,दहेज पहरावनी कुप्रथाओं कि तरफ ध्यान दिलाया। साथ ही जिले के पारीक समाज की परिचय विवरणिका का प्रस्ताव रखा।बैठक में सभी तहसील अध्यक्षों व पदाधिकारियों ने अपनी सहमति दी।महेंद्र पारीक व राजेंद्र पारीक ने समाज हित में अपने विचार व्यक्त करते हुए बच्चों को अच्छे संस्कार मिले और उनका जीवन उत्तम हो इसके लिए बच्चों को संस्कारित किए जाने की अपील की। नवल पारीक ने एक टीम गठित करके प्रत्येक गांव में जाकर लोगों में जन जागृति का सुझाव दिया।सुरेश पारीक ने स्वंय अनावश्यक रीति रिवाज को दरकिनार करने की घोषणा की।सत्यनारायण पारीक ने समाज के छात्र-छात्राओं के लिए छात्रावास के लिए भूमि आवंटन, कन्हैयालाल पारीक व देवेंद्र पारीक ने समाज में प्रचलित प्री वेडिंग शूट को बंद करने के लिए विचार व्यक्त किए।सभी ने अपनी सहमति दी। बैठक में पारीक सेवा समिति के जिला अध्यक्ष विष्णु पारीक, महामंत्री ओमप्रकाश लहन, सत्यनारायण पारीक, कन्हैया लाल पारीक, रामलाल पारीक,अशोक कुमार पारीक,महेंद्र पारीक देवेंद्र पारीक चंद्रशेखर पारीक, राजेंद्र पारीक, शिव शंकर पारीक,मनीष केसोट, दिनेश परीक, कैलाश पारीक, योगेंद्र पारीक,नवल पारीक, सुरेश पारीक, विष्णु पारीक आदि मौजूद थे।

## फागोत्सव की मची धूम, फूलो व गुलाल से खेली होली

खबरों की दुनिया





**टोंक।** शहर में इन दिनों फागोत्सव की धूम मची हुई है। इन कार्यक्रमों फूल व गुलाल से होली खेली जा रही है साथ ही फाग गीतों की गूँज सुनाई दे रही है। स्थानीय मैहन्दी बाग तेलियों की गली में भौम्या महाराज मंदिर में फाग महोत्सव का आयोजन किया गया। महिला मंडल द्वारा भजन-कीर्तन करभगवान को रिझाया गया। फूलों की होली रंग, अबीर के गुलाल से होली खेली गई। महिलाओं ने राधा-कृष्ण के भजनों पर नृत्य करके एक-दूसरे के गुलाल लगाकर फाग उत्स्व मनाया । जिसमें भावना विजय, तन्नू विजय, पिंकी विजय, राधा विजय, अनु जैन, बीना जैन, करूणा जैन, पिंकी जैन, गोपाल विजय, बिनू साहू, विष्णु साहू, सनी, राजू, सोनू जैन, अमन गर्ग, सुरेन्द्र साहू एवं लच्छू साहू आदि मौजूद थे। फाग महोत्सव के बाद प्रसाद वितरण किया गया।

वहीं इनरव्हील की अध्यक्ष सोनिया राजावत ने बताया कि क्लब सदस्यों ने पुलिस लाईन माताजी मन्दिर में फागोत्सव धूमधाम से मनाया, जिसमें क्लब सदस्यों सहित महिलाओं ने भाग लिया । कार्यक्रम की शुरुआत भजन गाकर की, साथ ही फाग के गीत भी गाये गए एवं अंत में माताजी की आरती कर के भोग लगाया। जिसमें सुशीला जैन, अंजू कक्कड़, प्रभा गोयल, मीना मंगल, शशि कुर्मी, बीना जैन, रेखा जाजू, मोनू जैन, ऋचा सिंघल, सीता बजाज, श्वेता सिंघल, गीता गुप्ता, ऋतु विजय, सरोज माहेश्वरी, नीतू सिंघल, किरण त्रिपाठी, ममता गर्ग, सुनीता वर्मा, दीपिका सिंघल, शशि कुर्मी, अल्पना जौनवाल एवं स्मिता शर्मा मौजूद थी।

## अवैध देशी शराब के साथ एक गिरफ्तार, 96 पव्वे जब्त



खबरों की दुनिया

**निवाई।** स्थानीय पुलिस ने अवैध देशी शराब के साथ एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। जिससे 96 देशी शराब के पव्वे भी जब्त किए है। थानाधिकारी हरिराम वर्मा ने बताया कि पुलिस अधीक्षक संजीव नैन के निर्देशानुसार क्षेत्र मे लोकल एंव माईनर एक्ट की कार्यवाही हेतु अपराधियों की धरपकड व बढ रही चोरी व नकबजनी की वारदातों के खुलासे को लेकर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सरिता सिंह, पुलिस वृत्ताधिकारी मृत्युन्जय मिश्रा के सुपरविजन मे पुलिस की विशेष टीम का गठन किया। टीम में थानाधिकारी सहित हैड कानि महावीर, नीरज कुमार, राधाकिशन, पायलेट मीणा व संदीप कुमार शामिल किया है। टीम द्वारा कार्यवाही करते हुए बनस्थली मोड निवाई से अवैध देशी शराब कब्जे में रखने पर मुल्जिम नेहरु उर्फ नवरती लाल सांसी निवासी अलियाबाद पुलिस थाना निवाई जिला टोंक को गिरफ्तार किया है। जिसके कब्जे से 96 पव्वे अवैध देशी शराब जप्त कर किया है। उन्होंने बताया कि प्रकरण में अनुसंधान जारी है।

## कमलेश किराड़ बने अम्बेड़कर विचार मंच के अध्यक्ष



**निवाई।** स्थानीय डाक बंगला में अम्बेडकर विचार मंच की बैठक बाबूलाल कंवरिया की अध्यक्षता में आयोजित हुई जिसमें सर्व सर्वसम्मति से अम्बेडकर विचार मंच के अध्यक्ष पद पर कमलेश किराड को मनोनीत किया है। संरक्षक रामगोपाल सेवलिया ने बताया कि नवीन कार्यकारिणी में उपाध्यक्ष गुलाबचंद वर्मा, महामंत्री हेमराज वर्मा व रमेशचंद बैरवा व कोषाध्यक्ष के पद पर ओमप्रकाश वर्मा को मनोनीत किया है।

उन्होंने बताया कि बैठक में कार्यकारिणी का गठन करके 14 अप्रेल पर आयोजित डॉ. भीमराव अम्बेडकर जयंती की व्यवस्थाओं पर भी चर्चा की गई। इस दौरान मंच के संरक्षक छीतरमल गंगवाल व रामगोपाल सेवलिया ने भी विचार व्यक्त किए। बैठक में कन्हैयालाल उदेनिया, दीपचंद वर्मा, मुकेश सालोदिया, सुनील बैरवा, सूर्यप्रकाश कंवरिया, जंसीलाल बनवारीलाल बैरवा, योगराज गंगवाल व मुकेश नागरवाल सहित कई लोग मौजूद थे।

खबरों की दुनिया
एक नजर

## आचार संहिता लागू होने के बाद रिकॉर्ड 17 करोड़ से अधिक मूल्य की अवैध सामग्री जब्त



खबरों की दुनिया

**जयपुर।** लोकसभा आम चुनाव - 2024 के मद्देनजर निर्वाचन विभाग के निर्देश पर प्रदेश में विभिन्न एनफोर्समेंट एजेंसियों ने आदर्श आचार संहिता लागू होने के बाद रिकॉर्ड 17 करोड़ रूपए से ज्यादा का ड्रग्स, शराब, कीमती धातुएं, फ्री बीज व नगदी पकड़ा है। इसी तरह 1 मार्च से अब तक एजेंसियों ने 115 करोड़ रु. कीमत से ज्यादा के ड्रग्स, शराब, सोना, फ्री बीज व नगदी पकड़ा है।

मुख्य निर्वाचन अधिकारी प्रवीण गुप्ता ने बताया कि प्रदेश में अलग-अलग एजेंसियों की ओर से जारी रिपोर्ट में ये जानकारी दी गयी है। 1 मार्च 2024 से अब तक 2 करोड़ 41 लाख रू कैश, ड्रग्स लगभग 51.56 करोड़ रूपए, शराब 6 करोड़ 71 लाख रूपए और सोना- चांदी जैसी कीमती धातुओं की 8 करोड़ 56 लाख रूपए की जब्ती की गयी है, 46 करोड़ रूपए की अन्य सामग्री जबकि फ्री बीज 22 लाख की जब्ती की गयी है। 18 करोड़ 70 लाख रुपए के साथ जोधपुर जिले में सबसे ज्यादा सीजर हुआ है। दूसरे स्थान पर 11 करोड़ 5 लाख के साथ जयपुर, तीसर स्थान पर गंगानगर ने 9 करोड़ 95 लाख, चौथे स्थान पर भीलवाड़ा 8 करोड़ 35 लाख और पांचवे स्थान पर टोंक ने 5 करोड़ 93 लाख रूपए की जब्ती की है।

गुप्ता ने बताया कि आचार संहिता लगने से अब तक 1 करोड़ 46 लाख रू कैश, ड्रग्स लगभग 4.68 करोड़ रूपए, शराब 72 लाख रूपए और सोना- चांदी जैसी कीमती धातुओं की 68 लाख रूपए की जब्ती की गयी है। 9 करोड़ 77 लाख रूपए कीमत की अन्य सामग्री जब्त की गयी है। आचार संहिता लगने के बाद भीलवाड़ा ने 1 करोड़ 73 लाख, उदयपुर एवं कोटा में 1 करोड़ 49 लाख, जयपुर 1 करोड़ 37 लाख एवं चित्तौड़गढ़ जिले ने 1 करोड़ 21 लाख रूपए की जब्ती की है। इन एजेंसियों में राज्य पुलिस, राज्य एक्साइज, नारकोटिक्स विभाग एवं आयकर विभाग प्रमुख है। गुप्ता ने बताया कि प्रदेश भर में इन विभागों द्वारा कड़ी निगरानी रखी जा रही है और किसी भी संदेहास्पद मामले पर कड़ी कार्रवाई की जा रही है।

## जिला निर्वाचन अधिकारी ने ली लोकसभा चुनाव के प्रकोष्ठ प्रभारियों की बैठक

खबरों की दुनिया

**जयपुर।** लोकसभा चुनाव-2024 की तैयारियों को लेकर जिला निवार्चन अधिकारी प्रकाश राजपुरोहित ने सोमवार को कलेक्ट्रेट सभागार में लोकसभा चुनाव के लिए गठित प्रकोष्ठ के प्रभारी अधिकारियों की समीक्षा बैठक ली।

चुनाव तैयारियों की समीक्षा करते हुए कलक्टर ने अधिकारियों को भयमुक्त और निष्पक्ष लोकसभा चुनाव संपन्न करवाने के लिए तमाम जरूरी व्यवस्थाएं एवं इंतजाम सुनिश्चित करने के निर्देश दिये।

उन्होंने कहा कि समय कम है, इसलिए निर्वाचन आयोग के निर्देश और आचार संहिता की अक्षरशः पालना सुनिश्चित करते हुए सभी कार्य निर्धारित समयावधि में पूर्ण करें।

उन्होंने कहा कि 18 मार्च को जयपुर के जामिया-तुल-हिदाया, राजस्थान कॉलेज एवं सीकर रोड स्थित भवानी निकेतन कॉलेज से मतदान दल रवाना होंगे। उन्होंने अधिकारियों को मतदान केन्द्रों पर धूप से बचाव के लिए छाया, पेयजल और बैठने के लिए कुर्सियों की व्यवस्था सहित अन्य इंतजाम दुरुस्त रखने के लिए निर्देशित किया। जिला निर्वाचन अधिकारी ने कहा कि मतदाता सूची मतदान केंद्रों पर व्यवस्थाएं पूर्ण करने, होम वोटिंग और वेब कास्टिंग की आवश्यक तैयारी करने के साथ-साथ सी-विजल पर आने वाली शिकायतों का निस्तारण समयावधि में सुनिश्चित किया जाए।

स्वीप गतिविधियों के माध्यम से मतदान बढ़ाने के निर्देश देते हुए जिला परिषद सीईओ डॉ. शिल्पा सिंह ने कहा कि लोकतंत्र के इस महापर्व में प्रत्येक मतदाता की सक्रिय एवं शत–प्रतिशत भागीदारी सुनिश्चित करने की आवश्यकता है। इसके लिए वाटर्स हेल्पलाइन नंबर 1950, सक्षम, सी-विजिल, केवाईसी एवं वीएचए सहित अन्य एप की जानकारी जन-जन तक पहुंचाया जाना सुनिश्चित किया जाए। बैठक में अतिरिक्त जिला कलक्टर (प्रथम) सुरेश कुमार नवल, उप जिला निर्वाचन अधिकारी नीलिमा तक्षक, अतिरिक्त जिला कलक्टर (तृतीय) राजकुमार कस्वां, अतिरिक्त जिला कलक्टर (चतुर्थ) लोकेश मीणा, अतिरिक्त जिला कलक्टर (पूर्व) सुमन पंवार, अतिरिक्त जिला कलक्टर (दक्षिण) शैफाली कुशवाहा, अतिरिक्त जिला कलक्टर (उत्तर) अल्का विश्नोई सहित चुनाव प्रकोष्ठ के प्रभारी अधिकारी मौजूद रहे।

# राजनीति और अपराध के गठबंधन से पेपरलीक बढ़ा : डॉ.नरेन्द्र कुसुम

खबरों की दुनिया





**जयपुर ।** प्रतियोगी परीक्षाओं में पेपर लीक का नेक्सस और समाधान' विषय पर मुक्त मंच की संगोष्ठी परमहंस योगिनी डॉ. पुष्पलता गर्ग के सान्निध्य और भाषाविद डॉ. नरेंद्र शर्मा कुसुम की अध्यक्षता में हुई। संगोष्ठी का संयोजन 'शब्द संसार' के अध्यक्ष श्रीकृष्ण शर्मा ने किया।

डॉ. कुसुम ने कहा कि हमारा लोकतंत्र लोग तंत्र बनकर रह गया है। परिणाम स्वरुप लोकतांत्रिक मूल्यों का पराभव होने लगा और देश नैतिकता के रास्ते को छोड़ ऐसे रास्ते पर चल पड़ा है जो लोक मंगल की ओर नहीं जाता। राजनीति और अपराध के अनुबंधन में परीक्षाओं के प्रश्न पत्रों की गोपनीयता भंग होना और एक आपराधिक गठबंधन द्वारा पेपर लीक कराना सहज कार्य बन गया हैं। यह व्यवस्था देश के सामाजिक ढांचे को तार तार कर रही है। युवकों में कुंठाएं जन्म ले रही हैं। न्याय के प्रति अनास्था बढ़ रही है।

कंप्यूटर विज्ञान के प्रवीण दामोदर चिराणिया ने कहा कि समाधान कई हैं बशर्ते नियत की पारदर्शिता हो। उन्होने कहा कि प्रत्येक परीक्षा के लिए परीक्षा तिथि को बंद लिफाफे में ही प्रश्न पत्र दिया जाए।

पूर्व बैंकर एवं चिंतक इंद्र भंसाली ने कहा सरकारी सेवाओं का आकर्षण इसलिए बढ़ रहा है कि एक साल में मात्र 40 हफ्ते ही कार्य समय में आजीविका पक जाती है जबकि निजी सेवाओं में 12-12 घंटे कार्य के बावजूद उतनी आय नहीं होती। ऐसे में हम कौशल शक्ति बढ़ाएं। स्किल्ड मैनपावर बढ़ाएं। प्रोफेसर सुभाष गुप्ता ने कहा कि राजस्थान पब्लिक सर्विस कमिशन में राजनीतिक प्रतिनिधियों की बजाय निष्पक्ष ईमानदार व्यक्ति लगाएँ। अब तो प्रतियोगी परीक्षाओं को ही अंडर सोर्स कर दिया जाता है जो चिंताजनक है।

भारतीय प्रशासनिक सेवा के पूर्व अधिकारी रामस्वरूप जाखड़ ने कहा कि प्रतियोगी परीक्षाओं में पेपरलीक होने रोकने के लिए सब्जेक्टिव, सेमी ऑब्जेक्टिव तथा ऑब्जेक्टिव प्रश्न पत्रों का सहारा लिया जा सकता है । आज टेक्नोलॉजी पर जितना खर्च हो रहा है उसका उपयोग प्रभावशाली ढंग से नहीं हो पा रहा है।

भारतीय प्रशासनिक सेवा के पूर्व अधिकारी आरसी जैन ने कहा कि प्रतियोगी परीक्षाओं के आयोजक संस्थाओं का भी राजनीतिकरण हो गया है। प्रश्न पत्र बनने से परीक्षार्थियों के हाथों में पहुंचने तक प्रश्न पत्र कई हाथों से होकर गुजरता है। बेहतर होगा कि यदि सभी परीक्षाएँ ऑनलाइन लें। डॉ. मंगल सोनगरा ने कहा कि हर परीक्षा के लिए पेपर्स के तीन सेट बनाए जाएं और किसी को को पता ना हो कि कौन सा सैट खोला जाएगा।

मुख्य अतिथि आईएएस रिटा. अरुण ओझा ने कहा कि प्रश्न पत्र आधारित परीक्षा एक बहुत बड़ी इंडस्ट्री बन गई है। पेपर सेट करने और उन्हें स्ट्रांग रूम में सुरक्षित रखने तक परीक्षा कक्ष में समय पर सुरक्षित पहुंचाना नैतिक पतन के चलते असंभव हो गया।

संगोष्ठी में वरिष्ठ साहित्यकार फारूक आफरीदी, अंशुमान ललित किंचन, सुमनेश शर्मा, डॉ. सुषमा शर्मा, पीसी योगी तथा डॉ. डीबी गुहा ने भी सहभागिता की । संयोजक श्रीकृष्ण शर्मा ने बताया कि राजस्थान लोक सेवा आयोग के चयन बोर्ड की गत 19 वर्षों में 12029 परीक्षाएं हुई किंतु 10 वर्ष में 12 प्रमुख परीक्षाओं की पेपर ही लीक माने गए हैं। वर्ष 2005 से अब तक उपयुक्त परीक्षाओं में 3 करोड़ 28 लाख ने परीक्षाएं दी। इनके अंर्तगत 3 लाख 55 हजार नियुक्तियां हुई।

पेपर लीक एक राज्य की समस्या नहीं यूपी, गुजरात, हरियाणा महाराष्ट्र तथा अन्य राज्यों में भी लाखों परीक्षाओं का भविष्य अंधकार में चला गया। हजारों परीक्षार्थियों ने कर्ज लेकर तैयारी की और कई कई वर्षों में परीक्षाएं आयोजित होने से परीक्षार्थी एज बार भी हो गए। यह स्थिति भयावह है।

## पीएम मोदी के 10 वर्षों के शासनकाल में आम आदमी का जीवन हुआ सरल : चतुर्वेदी



### जालोर के पूर्व विधायक और वरिष्ठ दलित नेता रामलाल मेघवाल, डॉ. विक्रम सिंह गुर्जर सहित 29 नेताओं ने थामा भाजपा का दामन

खबरों की दुनिया

**जयपुर।** सोमवार को भाजपा प्रदेश कार्यालय में विभिन्न राजनैतिक दलों से आए पूर्व विधायक, विधायक प्रत्याशी, जिला परिषद सदस्य, पंचायत समिति सदस्यों के साथ सरपंच और तीन दर्जन से ज्यादा कार्यकर्ताओं ने भाजपा का दामन थामा।

इस अवसर पर जालौर के पूर्व विधायक और दलित नेता रामलाल मेघवाल, देवली-उनियारा से आरएलपी प्रत्याशी रहे डॉ. विक्रम सिंह गुर्जर, एससी प्रकोष्ठ जालौर के जिलाध्यक्ष गोकुल परिहार, जालौर जिला कांग्रेस कमेटी के पूर्व महामंत्री रमेश मेघवाल, समाज कल्याण बोर्ड की पूर्व सदस्या भावना गर्ग और फैशन डिजाइनर अर्चना सुराणा सहित अन्य लोगों को मुख्य सचेतक जोगेश्वर गर्ग, ज्वाइनिंग कमेटी के अध्यक्ष अरूण चतुर्वेदी और भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष नारायण पंचारिया ने भाजपा का दुपट्टा पहनाकर सदस्यता ग्रहण कराई।

सदस्यता ग्रहण कार्यक्रम को संबोधित करते हुए ज्वाईनिंग कमेटी के अध्यक्ष अरूण चतुर्वेदी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में हम सभी का एक ही नारा है अबकी बार 400 पार।

पीएम मोदी के 10 वर्षों के सुशासन में आम आदमी का जीवन सरल हुआ है। समाज में अंतिम छोर पर बैठे व्यक्ति के उत्थान के लिए सैंकड़ो लोक कल्याणकारी योजनाएं चलाई जा रही हैं। वहीं प्रदेश की भजनलाल सरकार ने महज तीन महिने में प्रदेश में अपने संकल्प पत्र को पूरा करने के लिए ऐतिहासिक कार्य किये हैं। वहीं कांग्रेस का शीर्ष नेतृत्व आज नशे में है।

कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष यात्रा कर रहे है, उन्हें पार्टी के भीतर क्या हो रहा है इसका मालूम नहीं है। इस अवसर पर भाजपा के प्रदेश महामंत्री दामोदर अग्रवाल, श्रवण सिंह बगड़ी और प्रदेश मीडिया संयोजक प्रमोद वशिष्ठ मौजूद रहे।

# समरसता का अर्थ तभी सार्थक होगा जब हिन्दू संगठित होगा : महिपाल

### जिला समरसता संगम आयोजित,सावित्री बाई सिलाई केंद्र वाल्मीकि की बालिकाओं ने दी सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुतियां

खबरों की दुनिया









**टोंक।** भारतीय शिक्षा प्रचार समिति टोंक द्वारा संचालित संस्कार केंद्रों का जिला समरसता संगम का आयोजन यज्ञ के बालाजी माध्यमिक सरस्वती विद्या मंदिर टोंक में किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत मुख्य अतिथि के रूप में भाजपा जिलाध्यक्ष अजीत सिंह मेहता, मुख्य वक्ता महिपाल सह क्षेत्रीय संस्कार केंद्र प्रमुख, विशिष्ट अतिथि बाबू लाल शर्मा निदेशक, सेंट सोल्जर महाविद्यालय एवं जिला अध्यक्ष सेवा भारती टोंक एवं वेद प्रकाश कुर्मी,जिला मंत्री, विद्या भारती, टोंक अध्यक्षता दिनेश कुमार शर्मा जिला अध्यक्ष विद्या भारती, टोंक कार्यक्रम संयोजक संजय संघी ने मां सरस्वती के सम्मुख द्वीप प्रज्जवलित एवं पुष्पार्चन से की ।

कार्यक्रम में समरसता को लेकर विद्या भारती द्वारा जिले की सेवा बस्तियों में चल रहे 26 संस्कार केंद्रों का कार्यक्रम का आयोजन हुआ।

जिसमे लगभग 500 से अधिक संख्या में सेवा बस्ती से कार्यकर्ता माताएं, बहिने,केंद्र समितियां,चालक, पालक एवं सेवा भारती कार्यकर्ता अतिथि उपस्थित थे। कार्यक्रम में सावित्री बाई सिलाई केंद्र वाल्मीकि बस्ती टोंक की प्रभारी प्रियंका तंवरिया, इशिका धाप,बाल संस्कार केंद्र की प्रभारी कुमकुम के निर्देशन में संस्कार केंद्र के बालक-बालिकाओं द्वारा रंगारंग सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दी गई साथ ही केंद्र से समरसता की प्रेरणा देने वाली झांकियों का प्रदर्शन किया गया। क्षेत्रीय सह संस्कार केंद्र प्रमुख महिपाल ने कहा कि इस कार्यक्रम का उद्देश्य समरसता को जीवन मे उतारना एवं किसी के साथ भी मतभेद नही करना तथा सभी को साथ लेकर एकता के सूत्र में पिरोकर चलना है। उन्होंने कहा कि बात पर हिंदुओं को संघटित होकर कार्य करना होगा तब ही समरसता का अर्थ सार्थक होगा। कार्यकम में प्रान्त प्रचार प्रमुख महेंद्र ने कहा कि विद्या भारती सेवा बस्तियों में संस्कार केंद्रों के माध्यम से बालकों में संस्कारों का बीजारोपण करती है इससे नशे मुक्त विकसित भारत का निर्माण होगा। कार्यक्रम के समापन सत्र में टोंक सांसद सुखबीर सिंह जौनापुरिया एवं पूर्व सभापति लक्ष्मी जैन भी उपस्थित थी। जिला संस्कार केंद्र प्रमुख राजेश कुमार शर्मा ने बताया कि कार्यक्रम में बाबूलाल शर्मा, कोषाध्यक्ष अनिल पाटीदार, सहमंत्री, राम किशन कहल्या, रवि शर्मा, दुर्गा शंकर, मुकेश शर्मा संकुल प्रमुख, टोंक, राजेश कुमार शर्मा,प्रधानाचार्य पुरानी टोंक एवं अन्य प्रधानाचार्य, आचार्य,केंद्र चालक एवं पालक तथा समिति के अन्य पदाधिकारी मौजूद थे। कार्यक्रम का संचालन निर्मला सोनी बालिका प्रधानाचार्य देवली ने किया। दिनेश शर्मा जिला अध्यक्ष ने सभी का आभार किया। कार्यक्रम का समापन वंदे मातरम् गीत शान्ति मंत्र के साथ किया गया।

## सेवा भाव के लिए तत्पर श्याम मन्दिर कमेटी

# खाटूधाम के कवरेज के लिए खबरों की दुनिया की प्रशंसा की



मंत्री श्याम सिंह चौहान से वरिष्ठ पत्रकार मिश्रा ने की मुलाकात

सच्चानंद थदानी

**सीकर (खबरों की दुनिया)।** देश ही नहीं अपितु विश्वभर में बाबा श्याम का दरबार सीकर जिले की वो धार्मिक नगरी है जो भक्तों की हर मनोकामना की पूर्ति करती है। यहाँ पर जो भक्त अपनी जो भी मन्नते हैं वो लेकर आते है और शीश के दानी के दरबार में उनको जो हासिल होता है वो किसी से छिपा नहीं है। बाबा श्याम का चमत्कार ही कि इस छोटे से कस्बे जिसकी संख्या बहुत कम मात्रा में है वहाँ पर रोजाना लाखों भक्त बाबा के दर्शनों के लिए पहुंचते है। वहीं हर साल की तरह यहाँ पर बाबा श्याम का मेला चरम पर है, लगातार बढ़ती भक्तों की आस्था ने जो यहाँ रिकार्ड कायम किया है वो अपने आप में बाबा का ही आशीर्वाद है। वहीं श्री श्याम मन्दिर कमेटी लगातार भक्तों के लिए यहाँ पर जो सुविधाएं दी है वो अपने आप में एक सातवें अजूबे के समान है, खाटू नगरी में जो मन्दिर कमेटी ने विकास कार्य करवाये हैं और लगातार जारी है वो धन्यवाद ही पात्र है। गो सेवा हो, चिकित्सा हो या अन्य ऐसी जरूरतें जो सामाजिक तौर पर जरूरी है उनके लिए भी मन्दिर कमेटी हमेशा तत्पर रहती है। श्री श्याम मन्दिर कमेटी के अध्यक्ष प्रतापसिंह चौहान, मंत्री श्यामसिंह चौहान, कोषाध्यक्ष कालूसिंह चौहान ने मेले के दौरान इस बार अति आधुनिक सुविधाओं से युक्त ग्राउण्ड तथा चालीस फीट रास्ते पर स्थित जल मन्दिर की पट्टिका का अनावरण किया था।

मन्दिर कमेटी के व्यवस्थापक सन्तोष शर्मा ने बताया कि करीब चालीस करोड़ रूपये की लागत से बने ग्राउण्ड में एक लाख भक्तों की क्षमता रहेगी, इससे भक्तों को धूप बरसात में बचाव तो होगा साथ ही वहीं इसमें सुरक्षा के हिसाब से भी कई सुविधाएँ है, पीने का पानी, शुलभ शौचालय, भजनों व सूचना के लाउड स्पीकर व अन्य वहीं श्याम मन्दिर कमेटी के मंत्री श्यामसिंह चौहान ने दैनिक खबरों की दुनिया की भी जमकर तारीफ की, उन्होंने कहा जो कवरेज बाबा के मेले की दी जा रही है उसके लिए सम्पादक डॉ. एल.सी भारतीय का आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा मन्दिर कमेटी हमेशा ही सेवाभाव के लिए तैयार रहती है, पर जो निष्पक्षता निडरता व सच्चाई वो ही जनता के सामने आनी चाहिए। खाटू धाम के वरिष्ठ पत्रकार नरेश मिश्रा ने मंत्री श्यामसिंह से मुलाकात व मेले की कवरेज की गई खबरों के बारे में सम्पूर्ण जानकारी दी। मंत्री श्यामसिंह ने वह मंदिर कमेटी ने जिला प्रशासन व पुलिस प्रशासन तथा आमजन का भक्तों व उन सभी सभी का आभार जताया जो मेले में अपना सहयोग दे रहे हैं।



स्वामी, प्रकाशक व मुद्रक अजय भारतीय के लिए **आकाशदीप प्रिन्टर्स एण्ड पब्लिशर्स**, सेक्टर11, अग्रवाल फार्म जयपुर से मुद्रित एवं सिविल लाइन रोड़, तालकटोरा चौराहा, टोंक से प्रकाशित। **सम्पादक :** बाबूलाल शर्मा 9414045027, 244427 **प्रधान कार्यालयः** मानसरोवर जयपुर फोनः 9829061123